## जहांगीराबाद में दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव, पुलिस बल तैनात

भोपाल, यशभारत। शहर के जहांगीराबाद इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक समुदाय के कुछ लड़कों ने दूसरे समुदाय के एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना बुधवार रात की है। इन लड़कों का युवक पर आरोप था कि वह उनके समुदाय की लड़की से बात क्यों कर रहा था। युवक से मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। पथराव हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। देर रात तक यहां सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 70 ● कटनी ● गुरुवार, 13 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## जंग चाहता है तानाशाह? उत्तर कोरिया ने दागी खतरनाक मिसाइल तो जापान में मच गई खलबली, हाई अलर्ट जारी

सियोल, एजेंसी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक बार फिर उत्तर कोरिया ने गुरुवार सुबह जापान के पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है. दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी. हालांकि उन्होंने इसके बारे में और विस्तार से नहीं बताया क्योंकि फिलहाल जांच चल रही है. दूसरी ओर जापान सरकार ने इसे लेकर चेतावनी जारी कर दी है।

### सुप्रीमकोर्ट का अहम फैसला, वेतनवृद्धि सेवा का प्रतिफल है

# एक दिन पहले सेवानिवृत्ति होने पर इंक्रीमेंट नहीं रोक सकते

■ जबलपुर, यशभारत।

गत 11अप्रैल2023को सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है जिससे लाखों सेवानिवृत्तों की आंखों में आशा भरी खुशियों की चमक ला दी है। जिसमें कहा गया है कि वेतनवृद्धि कोई पुरस्कार नहीं अपितु दी गई सेवा का दक्षता का प्रतिफल है, जो निर्धारित मानक समय के बाद देना होगा।जिससे कर्मचारी को सेवा या सेवा निवृति के परितोष के बाद उसका लाभ उसे मिल सके। अपने28पेज के अहम फैसले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले भी वार्षिक वेतन वृद्धि पाने के हकदार हैं। शीर्ष अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लि. की



अपील पर सुनाया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने 11अप्रैल को कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड की वेतनवृद्धि न देने की अपील खारिज कर दी है। पीठ ने कहा कि कॉरपोरेशन की इस दलील में कोई दम नहीं है कि वार्षिक वेतन वृद्धि एक प्रोत्साहन है जो कर्मचारियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है , और जब कर्मचारी सेवा में नहीं रहता है तो उसे वार्षिक वेतन वृद्धि देने का कोई सवाल ही नहीं उठता। कॉरपोरेशन ने कर्नाटक हाईकोर्ट की एकल पीठ के उस फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील की थी जिसमें कहा गया था कि पीड़ित को एक वेतनवृद्धि दी जाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि कर्मचारी को एक वर्ष की सेवा के दौरान उसके अच्छे आचरण के आधार पर वार्षिक वृद्धि प्रदान की जाती है। ऐसे में जबकि इसको यदि दंड के रूप में रोका न गया हो या उसे दक्षता के साथ जोड़ा न गया, तो अच्छे आचरण वाले कर्मियों को वार्षिक रूप से वेतन वृद्धि दी जाएगी।



# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को मिलेंगे सात नए जज

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की नियुक्ति की सिफारिश

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सात जिला जजों के नाम की सिफारिश की है। इन जजों में रूपेश चंद्र वार्ष्णेय, अनुराधा शुक्ला, संजीव सुधाकर कलगांवकर, प्रेम नारायण सिंह, अचल कुमार पालीवाल, हृदयेश और अरविंद कुमार सिंह शामिल हैं।कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया है कि 23 नवंबर, 2022 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से इन सात न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने सिफारिशों का समर्थन किया है और फाइल सात अप्रैल को न्याय विभाग से सुप्रीम कोर्ट में प्राप्त हुई। ज्ञापन प्रक्रिया के संदर्भ में, हाईकोर्ट में पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों की फिटनेस और योग्यता का पता लगाने के लिए, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मामलों से परिचित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से परामर्श किया गया है। कॉलेजियम के मुताबिक, हाईकोर्ट में पदोन्नति के लिए उम्मीदवारों की योग्यता और योग्यता का आकलन करने के उद्देश्य से रिकॉर्ड फाइल की जांच की है, जिसमें न्याय विभाग द्वारा की गई टिप्पणियों के साथ-साथ उम्मीदवारों के खिलाफ प्राप्त शिकायतें भी शामिल थीं।

### उत्तराखंड हाईकोर्ट में चार जज की नियुक्ति की सिफारिश

एक अन्य फैसले में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में जज के रूप में नियुक्ति के लिए एक न्यायिक अधिकारी और तीन अधिवक्ताओं के नाम की भी सिफारिश की है। इनमें न्यायिक अधिकारी विवेक भारती शर्मा, अधिवक्ता राकेश थपलियाल, पंकज पुरोहित और सुभाष उपाध्याय शामिल हैं। इसके अलावा कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने के लिए न्यायिक अधिकारी संजय कुमार जायसवाल के नाम की भी सिफारिश की है। जायसवाल ओबीसी श्रेणी से आते हैं।

# मैहर में बागेश्वर सरकार की कथा स्थगित

### विधायक नारायण त्रिपाठी बोले, राजनीतिक दवाब में ऐसा हुआ, नई पार्टी बनने से घबरा गए नेता



■ जबलपुर, यशभारत।

मैहर में 3 से 7 मई तक आयोजित होने वाली बागेश्वरधाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा स्थगित कर दी गई है। कथा को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं है। इधर विधायक नारायण त्रिपाठी ने कथा नहीं होने के पीछे राजनीतिक कारण बताया है। विधायक ने यशभारत से चर्चा करते हुए बताया कि सबकुछ ओके था लेकिन अचानक से महाराज श्री ने कथा करने से इंकार कर दिया। आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। कथा नहीं होने के पीछे का कारण विधायक राजनीतिक बताया है। उनका कहना है कि प्रदेश के बड़े नेता नहीं चाहते हैं कि कोई बड़ा आयोजन विंध्य की धरती पर हो, और नई पार्टी बनने से भी नेता परेशान हो गए हैं। बता दें कि विधायक नारायण ने रविवार को ही विंध्य प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह में विंध्य जनता पार्टी का ऐलान किया था। कथा को राजनीति से जोड़ा गया विधायक नारायण त्रिपाठी ने आगे बताया कि बागेश्वर सरकार की कथा को राजनीति से जोड़ा गया और कुछ लोगों ने महाराज को भी गलत जानकारी देकर कथा स्थगित करा दिया। कथा कराने का मुख्य उद्देश्य यही था कि विंध्य की धरती में अध्यात्म को बढ़ावा मिले, सुख-शांति के साथ लोगों के मन में धार्मिक भवनाएं जाग्रत हो ।

## मोदी उपनाम केस: राहुल गांधी की याचिका पर सूरत कोर्ट में सुनवाई आज, 2 साल की सजा को दी है चुनौती

■ सूरत, ईएमएस।

'मोदी उपनाम' मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सूरत की सत्र अदालत में बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी. सूरत मेट्रोपोलिटन अदालत ने राहुल गांधी की 'सभी चोरों का उपनाम मोदी क्यों है?' टिप्पणी को लेकर उन्हें मानहानि का दोषी ठहराने के बाद 23 मार्च को दो साल की जेल की सजा सुनाई थी. राहुल को 24 मार्च को लोकसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था. उन्होंने तीन अप्रैल को सत्र अदालत में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा की अदालत ने तीन अप्रैल को राहुल गांधी को जमानत दे दी थी और दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई 13 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी थी. अदालत ने पूर्णेश मोदी के साथ ही गुजरात सरकार को भी नोटिस जारी किया था। इसी मामले में बुधवार को हुई सुनवाई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी ने आपराधिक मानहानि मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी की याचिका का अदालत में विरोध किया और कहा कि कांग्रेस नेता 'बार-बार अपराध' करते हैं और उन्हें अपमानजनक बयान देने की आदत है। मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने कहा कि मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए राहुल गांधी जिस तरीके से पेश हुए, वह उनके 'अहंकार और अदालत पर दबाव बनाने के लिए एक अपरिपक्व कार्य' के रूप में दर्शाता है. पूर्णेश मोदी अदालत के बाहर कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन का जिक्र कर रहे थे।

### पंजाब में बड़ा हादसा

# वैसाखी मनाने श्री खुरालगढ़ साहिब जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचला, सात की मौत



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

पंजाब में बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक बड़ा हादसा हो गया। गुरु रविदास के पवित्र स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में वैशाखी मनाने पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में सात की मौत हो गई। हादसा खुरालगढ़ मार्ग पर हुआ।इससे पहले सुबह करीब साढ़े पांच बजे गढ़ीमानसोवाल की पहाड़ी में अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी थी। हादसे में जसवीर सिंह उर्फ जस्सी (27), हैरी (15) और सादा बाबा (65) की मौके पर मौत हो गई। जहां बुधवार सुबह हादसा हुआ, उससे कुछ ही दूरी पर देर रात हादसे में सात की मौत हो गई।

### यह रही हादसे की वजह

बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं ने ट्रॉली के पीछे पानी का टैंकर और उसके पीछे जनरेटर बांध रखा था। जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली पहाड़ी से नीचे उतरने लगी तो पीछे से पानी के टैंकर व जनरेटर का दबाव ट्रैक्टर पर पड़ा। इसी वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 100 फुट गहरी खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है कि यह रास्ता काफी खतरनाक है। कई बार इस रास्ते में हादसे हो चुके हैं।

### महंगाई के मोर्चे पर पर राहत भरी खबर

# अब लोन महंगा होने का टेंशन भी होगा कम

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

खाने-पीने की चीजें की कीमतें कम होने से मार्च महीने में रिटेल महंगाई दर घटकर 15 माह के निचले स्तर 5.66त्न पर आ गई। फरवरी में महंगाई दर 6.44प्रश रही थी, वहीं जनवरी महीने में यह 6.52प्रश रही थी। पिछले साल मार्च में रिटेल महंगाई दर 6.95% थी। खास बात यह है कि मार्च में रिटेल महंगाई दर RBI के संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा छह फीसदी के भीतर है। रिजर्व बैंक पर रिटेल महंगाई दर को दो से छह फीसदी के बीच रखने की जिम्मेदारी बनी हुई है। इससे पहले रिटेल महंगाई दर छह फीसदी के नीचे नवंबर-2022 में 5.88 फीसदी और दिसंबर -2022 में 5.72 फीसदी पर आई थी। दरअसल आरबीआई के लक्ष्य रिटेल महंगाई दर को 6 फीसदी के दायरे में रखना है। अगर रिटेल महंगाई दर में नरमी जारी रहती है तो आरबीआई एक बार फिर से रेपो रेट में बदलाव नहीं कर आपको रहात दे सकता है। यानी जो डर सता रहा है कि आने वाले दिनों में फिर से लोन महंगा हो सकता है, उसमें थोड़ी राहत मिलेगी। एक्सपर्ट का कहना है कि रिटेल महंगाई दर में नरमी कई मायनों में राहत वाली बात है। जियोजित फाइनैंशल सर्विसेज के प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि रिटेल महंगाई दर RBI के लक्ष्य के भीतर आ गई है। उसने इस बार रीपो रेट में बढ़ोतरी नहीं की है। अगर रिटेल महंगाई दर में नरमी जारी रही तो निश्चित रूप से उस पर आगे भी लोन महंगा करने का दबाव कम होगा।

### खाद्य चीजें हुई सस्ती

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने की चीजें सस्ती हुई है। खाद्य चीजों की रिटेल महंगाई दर मार्च-23 में घटकर 4.79त्न पर आ गई है। फरवरी में यह 5.95त्न थी। बिजली और ईंधन की महंगाई भी घटी है। बिजली और ईंधन की महंगाई 9.90त्न से घटकर 8.91% पर आ गई है।

# आ रही कोविड की चौथी लहर !


### एक दिन में आए कोरोना के 10 हजार से ज्यादा मामले

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देशभर में तेजी से कोरोना मामलों में उछाल देखा जा रहा है। बुधवार को देश में कोरोना के 7830 नए मामले सामने आए। इसके बाद एक्टिव केस बढ़कर 40 हजार के पार चले गए। तेजी से बढ़ते कोरोना मामलों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। 98 फीसदी से ज्यादा कोविड मरीज घर पर ही ठीक हो रहे हैं। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा आंकड़ों के मुताबिक आज देशभर में कुल 10 हजार 158 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं एक्टिव मामलों की संख्या भी बढ़कर 44 हजार 998 हो गई है।

### एम्स दिल्ली में मास्क पहनना अनिवार्य

कोरोना मामलों में उछाल को देखते हुए दिल्ली के एम्स में अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए मास्क का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। एम्स प्रशासन ने कर्मचारियों के लिए नोटिस जारी करते हुए कहा,ज्हॉस्पिटल में कपड़े या फिर सर्जिकल मास्क से फेस कवर जरूर करें। इसके अलावा पूरे अस्पताल की साफ-सफाई और ध्यान रखा जाए।



### राजस्थान में कोरोना के 355 नए मामले

राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित एक और मरीज की बुधवार को मौत हो गई। वहीं 355 नये मामले सामने आये हैं। राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जयपुर में कोरोना वायरस से संक्रमित एक मरीज की मौत हुई है वहीं संक्रमण के 355 नये मामले सामने आये जिनमें से जयपुर में 82, राजसमंद में 36, अजमेर-जोधपुर में 28-28, अलवर में 27, झालावाड़ में 24, बीकानेर में 21, उदयपुर में 20 संक्रमित मरीज शामिल हैं। राज्य में इस साल जनवरी से आज तक इस घातक बीमारी से मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। राज्य में वर्तमान में 1,245 मरीज उपचाराधीन है। वहीं 72 मरीज संक्रमण मुक्त हो गये हैं।

### दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,149 नये मामले, एक मरीज की मौत

दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,149 नये मामले सामने आए और संक्रमण दर 23.8 फीसदी रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, इसी अवधि में राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, इसमें कहा गया कि मरीज की मौत का प्राथमिक कारण कोविड-19 नहीं था।

### यूपी में बिना मास्क के स्कूल और दफ्तर में नो एंट्री, 2 फीट की दूरी भी जरूरी...

उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-9 संग समीक्षा बैठक की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों में कोविड डेस्क को एक्टिव करने के साथ ही स्कूलों और दफ्तरों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है. नई कोविड गाइडलाइन्स के तहत अब घरों से निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य होगा. साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करना जरूरी है.। अस्पताल, सरकारी, निजी दफ्तर, स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन आदि के लिए अलग-अलग गाइडलाइंस जारी की गई हैं।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## मैनेजर की हत्या: खंभे से बांधे हाथ-पैर, सांसें उखड़ने तक पीटा; शव पर चोट के निशानों ने दी बर्बरता की गवाही

■ शाहजहांपुर, एजेंसी।

शाहजहांपुर में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर शिवम को खंभे से बांधकर डंडे बरसाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिवम के हाथ पैर एक खंभे से बांध रखे हैं और एक युवक उस पर डंडे बरसा रहा है। वीडियो जिस गोदाम का है वहां हौजरी का सामान रखा हुआ है। वहां करीब दर्जन भर लोग भी शिवम को घेरे खड़े हैं।वीडियो में पिटाई से शिवम बेसुध होता दिख रहा है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने शिवम को तब तक पीटा जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। जब उसकी सांसें उखड़ने लगी तो अस्पताल लेकर पहुंचे और लावारिस में भर्ती मंगलवार देर रात परिजन को सूचना मिली और वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो शव देखकर सिहर गए। शिवम के पूरे



शरीर पर चोटों के निशान थे, जो उसे बेरहमी से पीटने की गवाही दे रहे थे। आपको बता दें कि शाहजहांपुर में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर शिवम जौहरी (32) की गोदाम में बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शिवम को गोदाम में बांधकर डंडे से पीटा जा रहा है। थाना सदर बाजार पुलिस ने शिवम के पिता की तहरीर पर व्यापारी नेता नीरज गुप्ता और ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक बंकिम सूरी समेत सात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

### माफिया अतीक के 15 करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

# 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का खुलासा

■ प्रयागराज, एजेंसी।

उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज लाए गए माफिया अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर बुधवार को एक बड़ी चोट हुई। उस पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी समेत उसके 15 करीबियों के ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे। इनमें शहर के नामचीन बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव और चायल के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी के अलावा अतीक के एकाउंटेंट भी शामिल हैं। इस दौरान एक करोड़ नकद, गहने व संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। साथ ही अबतक की छानबीन में 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। कार्रवाई देर शाम तक जारी थी। प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमें सुबह अतीक के करीबियों के ठिकानों पर धमक पड़ीं। करेली, लूकरगंज, धूमनगंज के साथ ही सिविल लाइंस स्थित माफिया के करीबियों के ठिकानों पर पहुंचकर अफसरों ने कार्रवाई शुरू की तो हड़कंप मच गया। टीमों ने चिह्नित लोगों के घरों के साथ ही कार्यालयों पर भी छापा मारा। यहां सबसे पहले पूरे परिसर को कब्जे में ले लिया गया। प्रवेशद्वार बंद कर दिए गए और बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए गए। इसके बाद तलाशी ली गई।



### स्रोत की जानकारी न दे पाने पर नकदी सीज

बिल्डर संजीव अग्रवाल के सिविल लाइंस में एल्गिन रोड व कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के धूमनगंज सुलेमसराय स्थित घर व प्रतिष्ठानों में तलाशी के दौरान एक करोड़ नकद मिले। स्रोत की जानकारी न दे पाने पर टीम में शामिल अफसरों ने नकदी सीज कर दी। बिल्डर के घर के साथ ही एसपी मार्ग स्थित उसके जिम व कार्यालय पर भी घंटों तलाशी अभियान चलाया गया। उधर, दीपक के सुलेमसराय और सिविल लाइंस स्थित कार शोरूम पर भी छापा मारकर कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए गए।

### इनके घरों पर भी पहुंची टीमें

उधर माफिया के करीबी और उमेश पाल हत्याकांड में सजायाफ्ता प्रीतम नगर निवासी खान शौलत हनीफ के अलावा लूकरगंज निवासी माफिया के अकाउंटेंट सीताराम शुक्ला, कालिंदीपुरम निवासी खालिद जफर, करेली निवासी मोहसिन व काली, भीटी निवासी वदूद के घर पर भी छापा मारा गया। इसके अलावा कौशाम्बी की चायल विधान सभा क्षेत्र के पूर्व बसपा विधायक आसिफ जाफरी समेत छह अन्य के आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची। यहां कार्रवाई के दौरान बहुमूल्य गहने मिले। इसके अलावा बड़ी संख्या में सैकड़ों संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनमें जमीनों के अलावा कई कंपनियों से भी जुड़े कागज शामिल रहे। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान 100 करोड़ की बेनामी संपत्तियों का पता चला है। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि कार्रवाई देर शाम तक चल रही थी।

## विपक्षी नेता अजित पवार ने सीएम शिंदे और फडणवीस से की मुलाकात

### महाराष्ट्र में अफवाहों का बाजार गर्म

■ मुंबई, एजेंसी।

विपक्ष के नेता अजित पवार ने बुधवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। करीब एक घंटे हुई तीनों के बीच मुलाकात के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल ही में राकांपा प्रमुख शरद पवार और अजित पवार ने ऐसे बयान दिए जो भाजपा के पक्ष में नजर आए। अदाणी मामले में शरद पवार की टिप्पणी ने मीडिया का सबसे अधिक ध्यान खींचा, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार व्यवसायी गौतम अदाणी और उनके व्यापारिक समूह के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। टीवी चैनल से बातचीत



करते हुए एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अदाणी का समर्थन किया था। दूसरी तरफ अजित पवार अब तक प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी जीत और डिग्री विवाद को लेकर कांग्रेस-शिवसेना उद्धव बालासाहेब के रुख से उलट बयान दे चुके हैं।हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर पवार ने कहा था कि ऐसा लगता है कि अदाणी समूह पर विदेशी फर्म हिंडनबर्ग को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया गया। बिना यह सोचे-समझे कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा। मुझे ऐसा लगता है कि हिंडनबर्ग ने देश के एक औद्योगिक संस्थान को निशाना बनाया गया है। किसी ने इस फर्म का इस विवाद से पहले नाम नहीं सुना। मामले के कई पक्ष हैं। सभी पक्षों पर ध्यान देने की जरूरत है। विदेशी फर्म के अदाणी समूह पर आरोप के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच कमेटी बनाई। इसमें सेवानिवृत्त जज भी हैं। शीर्ष अदालत ने समयबद्ध रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। इसके बाद जेपीसी गठन की मांग की आवश्यकता नहीं है।

# खरमास खत्म होने के बाद भी शुरू नहीं होगा मांगलिक कार्य

## ग्रहों के योग के फलस्वरूप द्वादश राशियों के साथ ही विश्वपटल पर मेष राशि के सूर्य का प्रभाव देखने को मिलेगा

**कटनी यशभारत।** सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही कल 14 अप्रैल को खरमास समाप्त हो जाएगा। सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। साथ ही सतुआ संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। ग्रहों के योग के फलस्वरूप द्वादश राशियों के साथ ही विश्वपटल पर मेष राशि के सूर्य का प्रभाव देखने को मिलेगा। खरमास समाप्त होने के बाद भी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार 14 अप्रैल को दिन में 2.57 बजे सूर्य मीन से अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश करेंगे। सूर्य 15 मई तक दिन में 11.45 बजे तक मेष राशि में ही रहेंगे। इस बार सूर्य बुध और राहु की युति बन रही है। मेष राशि के सूर्य में आने से सतुआ संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सत्तू ग्रहण करने और दान करने का विधान है। मेष संक्रांति का विशेष पुण्यकाल दिन में सुबह 10.57 बजे से सूर्यास्म तक रहेगा। सामान्य पुण्यकाल सुबह 8.33 बजे से सूर्यास्त तक रहेगा। इस काल में पुण्य प्राप्ति के लिए स्नान और दान किया जाता है। इस बार दो मई तक गुरु वृद्धत्व, बालत्व अस्त रहेगा। इसलिए तीन मई से मांगलिक कार्य आरंभ होंगे और 28 जून तक रहेंगे।

### मई माह में विवाह के बहुत है शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार 29 अप्रैल को रात्रि 8.58 बजे (पूर्व दिशा में) गुरु का उदय हो रहा है। उन्होंने बताया कि गुरु उदय होने के बाद से ही मांगलिक कार्य प्रारंभ हो सकेगा। उसमें भी शादी-विवाह, गृहप्रवेश, जनेऊ संस्कार, मुंडन संस्कार सहित तमाम मांगलिक कार्य 2 मई से आरंभ होगा. पंडित त्रिलोकीनाथ तिवारी बताते है कि 29 अप्रैल को गुरु उदय होने के साथ बाल्यावस्था में होंगे। वहीं चार दिन बाद गुरु जब किशोरावस्था में आ जाएंगे तो मांगलिक कार्य शुरू हो जाएगा। धर्माचार्य ने बताया कि अप्रैल माह में जहां कोई शुभ मुहूर्त नहीं है. वहीं मई 2023 में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त 6, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 22, 27, 29 और 30 मई को है।



### अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से खरमास साल में दो बार आता है

सूर्य वर्ष भर एक राशि से दूसरी राशि में भ्रमण करता है, लेकिन धनु या मीन राशि में जाने पर ही इसे खरमास कहा जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से खरमास साल में दो बार आता है, जो एक बार नवंबर-दिसंबर के महीने में और दूसरी बार मार्च अप्रैल के महीने में पड़ता है. जब सूर्य बृहस्पति के राशियों के घरों में जाता है तब खरमास लगता है. इस बार 15 मार्च को खरमास लगा है जो 14 अप्रैल को खत्म हो जाएगा। हिंदी पंचांग के अनुसार जब सूर्य भगवान मीन राशि में प्रवेश करते हैं तब खरमास लगता है और दूसरा जब सूर्य भगवान धनु राशि में प्रवेश करते हैं उस समय भी यह लगता है। सूर्य भगवान प्रत्यक्ष देवता है और सूर्य भगवान जब अपने देवताओं के गुरु बृहस्पति के घर पहुंचते हैं तो वह अपने तेज को कम कर लेते हैं तो सूर्य भगवान का तेज कम हो जाने से किसी भी शुभ काम को करना वर्जित माना जाता है.

# वैध-अवैध मेरिज गार्डन, हॉल व अन्य विवाह के स्थान फिर तैयार, लग रही है बोली

लंबे अंतराल के बाद शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। भले ही यह ठीक खरमास खत्म होने के तुरंत बाद शुरू नहीं लेकिन 15 दिन के बाद फिर से शहनाई की गूंज सुनाई देगी। गर्मी अपने शबाब पर होगी तो विवाह समारोहों का उत्साह भी गर्मी पर भारी पड़ता दिखेगा। शहर में करीब 50 ऐसे स्थान हैं जहां पर विवाह समारोह होते हैं। बड़े मैरिज गार्डन से लेकर छोटे हाल और धर्मशाला यहां तक की खाली प्लाटों में भी लोग विवाह समारोह संपन्न कराते हैं। शहर में कुछ ही मैरिज गार्डन नगर निगम की औपचारिकता को पूरी करते हैं मतलब इन्हें वैध माना जाए तो अतिश्योक्ति नहीं लेकिन अधिकांश बड़ बड़े मैरिज गार्डन पंडाल अभी भी नगर निगम की लिस्ट में अवैध हैं मजेदार बात यह है कि इन गार्डन, पंडान हॉल यहां तक की होटल भी अवैध मेरिज गार्डन के नाम पर वर्षों से संचालित हैं नगर निगम अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया। आपको बता दें कि एक बार फिर से समय आ गया है ऐसे में निगम का एक अमला नोटिस देने के लिए तैयार बैठा है साहब के आदेश होते ही परंपरागत रूप से बना बनाया नोटिस में नाम बदल कर तारीख बदल कर इसे जारी कर दिया जाएगा फिर इस पर कार्रवाई तक होगी जब विवाह मुहूर्त की बिदाई हो जाएगी इस तरह यह साल भी साल दर साल की जगह बिना प्रभावी कार्रवाई के चला जाएगा। खैर यह तो हुई मैरिज गार्डन की बात अब विवाह सीजन में व्यवसाय की बात की जाए तो यह अभी से खिल उठा है।

### स्वर्ण आभूषण कारोबारी, कैटर्स, बैंडवादक दल समेत व्यापारियों में उत्साह

मई के मध्य तक विभिन्न सावों में शादियों की भरमार रहेगी। शादियों के सीजन को देखते हुए स्वर्ण आभूषण कारोबारी, कैटर्स, बैंडवादक दल समेत व्यापारियों में उत्साह है. शहर के ज्यादातर विवाह आयोजन स्थल, कैटर्स, बैंडवादक दल पहले से ही बुक हो चुके हैं। दिसंबर और जनवरी फरवरी में दिक्कत को देखते हुए लोगों ने इस बार काफी पहले ही बुकिंग करवा ली है। इस सीजन में एक हजार करोड़ के व्यापार होने का अनुमान है। शादी समारोह से जुड़े कारोबारियों के रेट आसमान पर पहुंच गए हैं। शादी वाले घरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. गणेश स्थापना के साथ ही वैवाहिक रस्में शुरू हो जाती हैं। खास मेहमानों के आने का क्रम शुरू हो गया है। बाजारों में भी शादियों का उत्साह नजर आ रहा है.। किराना, कपड़ा, सराफा बाजारों में काफी भीड़ है। सब्जी मंडी, घंटाघर, बहादुर बाजार, फर्नीचर मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक बाजार खरीदारों से भरे हुए हैं। लोग शादियों के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं. कुछ दिन के बाद अच्छे मुहूर्तों में काफी शादियां होनेवाली हैं। परेशानी से बचने के लिए लोगों ने पहले ही बुकिंग करवा ली है। हालांकि बीते सालों के मई, जून में भी काफी भी मुहूर्त आए थे लेकिन दो वर्ष से कोरोना के कारण मांगलिक आयोजन प्रभावित हो रहे थे। इस वर्ष बंदिश नहीं होने से शादियों का उत्साह है मुहूर्तों में जिले भर में 500 से अधिक शादियां होने का अनुमान है। जून तक के लिए रिसोर्ट्स, सामुदायिक भवन, वैवाहिक स्थल फुल हैं।

### अभी से बुक हुए वैवाहिक स्थल और होटल

कटनी में छोटे बड़े मिलाकर करीब 100 वैवाहिक स्थल, होटल और मैरिज गार्डन बुक हैं। टेंट व्यवसायी भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। पिछले दो साल कोरोना के कारण निराशा से भरे हुए थे व्यापारी बताते हैं कि इस वर्ष फसल भी ठीक रही है. इसका शादियों पर असर देखने को मिलेगा। व्यापारी वर्ग मेंइसक को लेकर विशेष उत्साह है। अच्छे कारोबार की उम्मीद में उन्होंने ग्राहकों की मांग के अनुरूप तैयारियां की हैं। ग्रामीण अंचल में भी मांगलिक आयोजन होंगे।



# स्थापना सप्ताह में सेवा ही संगठन भाजपा का मूलमंत्र

### झिंझरी में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का जांच शिविर

**कटनी, यशभारत।** सेवा ही संगठन भाजपा का मूल मंत्र है। सिर्फ भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसके कार्यकर्ता अपने सामाजिक दायित्व की पूर्ति के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं। आज कटनी के झिंझरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक टण्डन ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि समाजिक न्याय पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा द्वारा विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किये जा रहे है। स्वास्थ्य जांच शिविर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ वीरेंद्र खम्परिया, डॉ विनय मिश्रा, डॉ एसके द्विवेदी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर झिंझरी के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी के साथ दवाइयां वितरित की गई। जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष श्री मृदुल द्विवेदी, श्री जुगल यादव, श्री राकेश द्विवेदी सहित भाजपाजन मौजूद थे।

# गायत्री मंत्रों का 108 पाठ एक साथ, सुदर्शना की सदस्यों की अभिनव पहल



**कटनी, यशभारत ।** सुदर्शना लेडीज क्लब में गायत्री परिवार महिला मंडल की बहनों ज्योति श्रीवास्तव, गीता शिवहरे, ममता खरे, रामप्यारी निषाद, पुष्पा निषाद, शालिनी गोस्वामी, सुमंलता तिवारी, आशा कौशल आदि के द्वारा साधना स्वाध्याय एवं दीप यज्ञ का कार्यक्रम भव्य रुप से संपन्न हुआ।सुदर्शना लेडीज क्लब के कार्यक्रम से आभास हुआ नवयुग के अवतरण की बेला आ पहुंची लगभग 100 बहनों ने परमपूज्य गुरुदेव की आवाज में 108 गायत्री मंत्र किए जो ऊर्जा उत्पन्न हुई उसको दीप् यज्ञ के माध्यम से पर्यावरण के शोधन में अपनी आहुतियां प्रदान की। इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कई बहनों ने गायत्री परिवार में डॉक्टर पूनम बजाज डॉ उमा निगम ने आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के कार्यक्रम अपने हॉस्पिटल में संचालित करने के लिए क्लब की सदस्यों को आमंत्रित किया। साथ ही नारी की महानता गायत्री मंत्र के व अक्षर की व्याख्या पुस्तकें बहनों को सुदर्शना क्लब की संचालिका सुश्री मीरा भार्गव के द्वारा वितरित की गईं। परम पूज्य गुरुदेव वंदनीय माताजी सभी के ऊपर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें।



# सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत अंबेडकर जन्म सप्ताह पर भाजपा ने बाबाघाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

### स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने की अपील

**कटनी, यशभारत।** सामाजिक न्याय पखवाड़ा अंतर्गत भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जिला भाजपा इकाई द्वारा सप्ताह भर चलने वाले अभियान की शुरुआत की गई है। इस तारतम्य में जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर के विचारों को प्रसारित करते हुए जन्म सप्ताह के तहत माई नदी बाबा घाट में स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया। अवसर पर परिसर में मंदिर एवं घाट की साफ सफाई, स्वच्छता करते हुए डॉ अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर चलने का अपील की श्रमदान के पश्चात जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर हम संकल्प लें कि स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करेंगे। राष्ट्र और जीवन दायनी नदियों के प्रति हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। गंदगी न हो इसका ध्यान हमें स्वयं रखना होगा। डॉ अंबेडकर ऐसे शख्स थे, जिन्होंने जातिवाद का भेदभाव मिटाने का प्रयास किया और हमारे देश के संविधान के रचयिता भी हैं, इसलिए उनके जन्म सप्ताह के अवसर पर अभियान चलाकर के हम लोगों ने समाज को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी,जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण, वरिष्ठ नेता रवि खरे, जिला मंत्री अंकिता तिवारी, यज्ञ दत्त मिश्रा, रविंद्र मिश्रा,सचिन तिवारी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, मनीष दुबे, पूर्व पार्षद ज्योति दीक्षित, विनय दीक्षित,मयंक गुप्ता,पप्पू निषाद,लता श्रीवास्तव,शांतनु दत्ता,अनिता विश्वकर्मा, हनी दुबे,नागेंद्र गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही ।

**जन अभियान परिषद जुटा लाडली योजना का सफल बनाने**

# शानदार पहल: शिविर मे पंजीयन हेतु पहुंची लाडली बहनों का पुष्पगुच्छ से किया गया स्वागत

**कटनी, यशभारत।** प्रस्फुटन समिति मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र विकासखंड कटनी के प्रस्फुटन ग्राम टिकरवारा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के शिविर में पहुंचे सर्वप्रथम शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टिकरवारा के सचिव विजय बर्मन के द्वारा शिविर प्रारंभ से लेकर अब तक किए जा रहे पंजीयन व अन्य संबंधित कार्यों में सहयोग हेतु बधाई देते हुए इसी प्रकार सहयोग करते रहने हेतु प्रेरित किया, तत्पश्चात लाडली बहना योजना में पात्र एवं पंजीयन हेतु उपस्थित महिलाओं के स्वागत व प्रोत्साहन हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार उपस्थित महिलाओं को पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी देते हुए पंजीयन हेतु शेष रह गई महिलाओं को भी अपना पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मीराबाई बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रही, अगले क्रम में ग्राम जुहली में आयोजित लाडली बहना योजना के शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन संबंधी जानकारी ले गई एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि एवं



उपसरपंच आदर्श पांडे को सहयोग के लिए बधाई दी एवं शेष पात्र महिलाओं को शीघ्र पंजीयन कराने हेतु प्रेरित करने के लिए आह्वान किया, इसी प्रकार ग्राम मड़ई मैं ग्राम पंचायत में आयोजित लाडली बहना शिविर में उपस्थित हुए पंजीयन संबंधी जानकारी ली व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूपा बर्मन के साथ जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी छात्र रुपांशु त्रिपाठी द्वारा शिविर प्रारंभ से लेकर अब तक किए गए तकनीकी सहयोग के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए आश्रित ग्राम जुगियाकाप, सुरकी, और पौड़ी में भी पात्र महिलाओं का शीघ्र पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया

# सट्टा पट्टी काटते चार गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम कारीतलाई में दबिश देकर मदन कोल को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। उमरियापान पुलिस ने गिरानी मेहरा को को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम सरसवाही आम रोड पर आकाश कोल निवासी ग्राम धरवारा को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मनाई ज्योतिबा फुले की जयंती



**कटनी।** स्वतंत्रता संग्राम के कठिन समय मे समाज की सही दिशा दिखाने का काम महात्मा ज्योतिबाफुले जी ने किया। नारी उत्थान, शिक्षा का प्रसार और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के कार्य के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले सदैव याद किये जायंगे। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती के अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा 06 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती तक गांव-गांव घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय पखवाड़ा मना रहा है। आज महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर कुम्हार मोहल्ला, माधवनगर मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा ही संगठन भाजपा का मूलमंत्र है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में शिवराज सिह चौहान के नेतृत्व की भाजपा सरकारें महात्मा ज्योतिबा फुले जी के पदचिन्हों पर चलकर गरीब शोषित वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु पूरे मनोयोग से समर्पित हैं। इस अवसर पर वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9425362893, 8839684296
e-mail : katni @yasshbharat.com

# सैनी माली समाज ने कार्यक्रमों से याद किया ज्योतिबाराव फुले को

### जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत ।** कटनी सैनी माली समाज समिति कटनी द्वारा 11 अप्रैल ज्योति राव फूले की जयंती के उपलक्ष्य पर दुर्गा चौक मुकेश सैनी, राकेश सैनी के द्वारा उनके प्रांगण में सभी समाज के लोग उनकी जयंती के उपलक्ष्य में उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली ड्राइंग संगीत डांस स्पीच बच्चों के द्वारा और महिलाओं के द्वारा और हमारे सभी समाज बंधुओं के द्वारा महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले जी ने महिलाओं को शिक्षक के बारे में बताएं और उनके बारे में सारी जानकारी में सभी महिलाएं, सभी समाज के साथियों ने व्याख्यान दिया।कई रंगारंग कार्यक्रम हुआ संगीत, नृत्य, रंगोली कार्यक्रम हुए जिसमें बड़ी संस्थाओं में सैनी माली समाज के लोग उपस्थित थे। बच्चों के चित्रकला संगीत भाषण डांस इन बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय में उनको शील्ड और मेडल का वितरण किया गया। सैनी माली समाज समिति के द्वारा जिनकी उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे उनका जिला अध्यक्ष



मथुरा प्रसाद सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उनका स्वागत किया गया माला अर्पण करके और पुष्प गुच्छ मुख्य अतिथि में संतोष पटेल का स्वागत किया। मथुरा सैनी, राहुल बढ़ोलिया, राकेश सैनी,मुकेश सैनी विक्रांत सैनी, बृजेंद्र सैनी, प्रदीप सैनी दीपक सैनी ब्रजेन्द्र सैनी अजित सैनी दीपक सैनी संतोष सैनी जी विक्की सैनी रवि माली,अजीत सैनी, रोहित माली रतन माली , सुरेंद्र बढ़ोलिया पप्पू पवई वाले आकाश बढ़ोलिया, रमेश सैनी, कोषाध्यक्ष अरुण सैनी, अनमोल सैनी, संदीप सैनी, नैतिक सैनी, जगदीश महिला मोर्चा बड़ी संख्या में महिलाओं का योगदान मुख्य अतिथि श्रीमती आशा सैनी, रानी सैनी, पूनम सैनी, नीता सैनी, अनिता सैनी, सरोज सैनी, राखी ऋतु सैनी, छाया सैनी, रंजना माली नीतू सैनी रोशनी सैनी पल्लवी सैनी, दीपा चंद्रभान नैतिक दामिनी दीक्षा जगदीश सहित बच्चों मे आयुषी सैनी अरुणेश सैनी सशक्त माली शुभी सैनी एंजेल इशिता माही मेघा माली शुभ माली सैनी वंशिका सैनी देवांश सैनी सैनी आरोही माली शिवांगी माली वंशिता सैनी दीक्षा सैनी ओम सैनी अनमोल सैनी अरुण सैनी पीहू माली आराध्या सैनी समाज सैनी माली समाज समिति उपस्थित थे

यश भारत
नये जमाने के साथ...

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 13 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत
नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# कटनी नदी में बह रहा नालों का गंदा पानी

## बद से बदत्तर हो गई शहर की प्यास बुझाने वाली कटनी नदी की हालत

### नदी को प्रदूषण मुक्त कराने बनाया गया था वाटर ट्रीटमेंट प्लान



**कटनी, यशभारत।** शहर की जीवनदायिनी कही जाने वाली कटनी नदी की सफाई की तरफ न तो जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही नगर निगम प्रशासन द्वारा। आलम यह है कि कटनी नदी के गाटरघाट, मसुरहाघाट और मोहन घाट में पानी की बजाए नाले का गंदा पानी बह रहा है। जिसके चलते कटनी नदी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही यहां पानी अब पूरी तरह से सूख गया है और मिशन चौक व चांडक चौक से आने वाले नाले का गंदा पानी बह रहा है।

यश भारत खास खबर

शहर के बीच से होकर गुजरी कटनी नदी अब अपने अस्तित्व से जूझ रही है। पूरे शहर की प्यास बुझाने वाली इस नदी के जीर्णोद्धार के लिए समय-समय पर योजनाएं बनाई गईं लेकिन क्रियान्वयन नहीं हो सका। जनप्रतिनिधियों की अदूरदर्शिता और नगर निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते कटनी नदी की हालत से बद से बदत्तर हो गई है। हर साल गर्मी का मौसम शुरू होते ही समाजसेवी संगठनों द्वारा कटनी नदी की सफाई के लिए अभियान शुरू किया जाता था। जिससे नदी की हालत में सुधार होता था लेकिन इस बार सामाजिक संगठन भी निष्क्रिय नजर आ रहे हैं।

### ग्रेड सेपरेटर की वजह से बदत्तर हो गई हालत

रेलवे द्वारा झलवारा से मझगवां रेलवे स्टेशन के बीच बनाए जा रहे कटनी ग्रेड सेपरेटर ओव्हर ब्रिज के निर्माण की वजह से कटनी नदी के गाटरघाट में नदी की हालत और ज्यादा खराब हो गई है। गाटरघाट में नदी के बीचोंबीच ब्रिज निर्माण के लिए पिलर बनाया गया है, जिसके लिए खुदाई की गई थी और खुदाई के बाद निकले मलमे को नदी में भी फेंक दिया गया, जिसकी वजह गाटरघाट में नदी की स्थिति नाले से भी ज्यादा बदत्तर नजर आ रही है। पिलर निर्माण के बाद भी ब्रिज निर्माण एजेंसी द्वारा यहां सफाई की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### कब पूरी होगी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट योजना

कटनी नदी में मिशन चौक अंडर ब्रिज, धंती बाई स्कूल के पीछे और चांडक चौक की ओर से 3 बड़े नालों का गंदा पानी गाटरघाट, मसुरहाघाट और मोहन घाट में आता है। गंदे पानी की वजह से नदी प्रदूषित हो गई है। स्थिति यह है कि गर्मी के मौसम में नदी में पानी की बजाए नाले का गंदा पानी बहता हुआ नजर आ रहा है। कटनी नदी को प्रदूषण मुक्त कराने करीब दो दशक पहले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की योजना तैयार की गई थी लेकिन इस योजना में रत्ती भर भी काम नहीं हुआ। योजना की फाइल नगर निगम कार्यालय में धूल खा रही है और इस योजना के क्रियान्वयन की तरफ नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है।

### सफाई पर नहीं दिया जा रहा ध्यान, नगर निगम प्रशासन का उदासीन रवैया





# 1 लाख 75 हजार आवेदन, लक्ष्य के करीब कटनी जिला

### लाड़ली बहना योजना : 96.79 प्रतिशत कार्य पूरा

**कटनी, यशभारत।** लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में शिवर का आयोजन किया जाकर पंजीयन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले हेतु निर्धारित हितग्राहियों का लक्ष्य 1 लाख 81 हजार 502 अनुमानित किया गया है। अनुमानित लक्ष्य के विपरीत बुधवार को 1 लाख 75 हजार 680 आवेदनों को सफलतापूर्पक ऑनलाईन दर्ज किया जाकर लगभग 96.79 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर कटनी जिला प्रदेश स्तर पर 13 वे पायदान पर पहुंच गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले में 6 जनपद पंचायत एवं 4 नगरीय निकायों के अंतर्गत अनुमानित हितग्राहियों में नगर परिषद विजयराघवगढ में 1113 हितग्राहियों, नगर परिषद बरही में विरूद्ध 1561, नगर परिषद कैमोर मे 163, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ 23858, जनपद पंचायत रीठी में 19443, जनपद पंचायत बड़वारा में 26914, जनपद पंचायत कटनी 21108, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 29218, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 30556 तथा नगर निगम कटनी में 20279 आवेदन दर्ज किये जा चुके है। इस तरह जिले मे अब तक कुल 1 लाख 75 हजार 680 आवेदन ऑनलाईन जमा किये जाकर आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर द्वारा स्वयं योजना की प्रगति की समीक्षा रोजाना शाम 6 बजे से गूगल मीट के माध्यम से की जाकर जिले के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये जा रहे है। योजना के सफल क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों की सुविधा हेतु प्रत्येक जनपद और निकायवार जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कैम्पवार गठित दल को उत्कृट कार्य करनें पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही योजना के तहत आवेदनों के ऑनलाईन कार्य में पोर्टल संबंधी समस्या के त्वरित निराकरण हेतु कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है। योजना के तहत अप्रैल माह तक आवेदन भरे जायेंगे। परीक्षण के बाद अंतिम सूची 1 मई को जारी की जायेगी। अंतिम सूची पर दावे आपत्तियां प्राप्त करने के लिये 15 मई तक की तिथि निर्धारित की गई है। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 16 से 30 मई तक किया जायेगा। पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची 31 मई को जारी की जायेगी और 10 जून से पात्र बहनों के खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि डालना प्रारंभ होगा।

# लेडी डॉक्टर को भारी पड़ी मरीजों के इलाज में लापरवाही

### जिला चिकित्सालय के 3 डॉक्टरों का दूसरे जिले में तबादला

**कलेक्टर के निर्देश पर स्त्री रोग विशेषज्ञ को तत्काल किया गया रिलीव**

**कटनी, यशभारत।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जिला चिकित्सालय में पदस्थ तीन चिकित्सकों का तबादला अन्यत्र जिले में किया गया है। जिसमे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा शिवहरे का तबादला सिवनी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर का तबादला उमरिया एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राममणि पटेल का तबादला डिण्डौरी जिले में किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश और सख्त रुख के बाद बुधवार को जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शिवहरे को जिला चिकित्सालय सिवनी के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि इलाज हेतु यहां आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार व बर्ताव किया जाए। उन्होंने हाल ही में मेटरनिटी वार्ड में भर्ती शास्त्री कॉलोनी निवासी गर्भवती महिला माया निषाद के मामले को प्रथमदृष्टया गंभीरता से लेते हुए जांच दल गठित किया था। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद कलेक्टर ने यहां पदस्थ सिवनी जिले के लिए अंडर ट्रांसफर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शिवहरे को तत्काल उनकी पदस्थापना स्थल सिवनी के लिए कार्यमुक्त करने सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशों के परिपालन में बुधवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शिवहरे को कार्य मुक्त करते हुए तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल सिवनी में कार्यभार ग्रहण करने रिलीव कर दिया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला चिकित्सालय मे गर्भवती महिला के साथ हुए घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए पूरे महकमे मे पैनी नजर रखने और जांच दल गठित करने सहित स्त्री रोग विशेषज्ञ को सिवनी के लिए कार्य मुक्त कराने के बाद जिला चिकित्सालय सहित पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।



# रीठी बीएमओ, प्रभारी एएनएम, नर्सिंग व मेडीकल ऑफीसर को नोटिस

### गर्भवती महिलाओं की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने के बाद जिला चिकित्सालय रिफर करने का मामला, कलेक्टर ने की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों और स्वास्थ्य व्यवस्था की नियमित निगरानी और समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में गर्भवती महिलाओं की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होनं और गर्भवती हाईरिस्क श्रेणी में नहीं होने के बाद भी जानबूझकर जिला चिकित्सालय रेफर करने वाली विजयराघवगढ़ सीएचसी की मेडीकल ऑफीसर डॉ धनेश्वी सिंह एवं ब्लॉक बडवारा के सीएचसी बरही की मेडीकल ऑफीसर डॉ भारती सिंह, ब्लॉक रीठी सीएचसी रीठी की बीएमओ डॉ बतीता सिंह तथा ब्लॉक बड़वारा सीएसी बड़वारा की नर्सिंग ऑफीसर गीता वर्मा पर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने इस पूरे मामले में नाराजगी व्यक्त की है। एक अन्य मामले में ब्लॉक बड़वरा सीएचसी बरही की प्रभारी एएनएम उमा कोल द्वारा गर्भवती महिला की एण्नीण्सी के दौरान मात्र 1 ही जांच किये जानें पर भी कलेक्टर द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कहा कि प्रसव के रेफरल मामलों में सत्त समीक्षा के बाद भी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को जानबूझकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है। ये स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई मामलों में गर्भवती की चार जरूरी जांचें नहीं होने की जानकारी भी सामने आई है। जो अक्षम्य है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समीक्षा के बाद विजयराघवगढ़ सीएचसी की मेडीकल ऑफीसर डॉ धनेश्वरी सिंह एवं ब्लॉक बडवारा सीएचसी बरही की मेडीकल ऑफीसर डॉ भारती सिंह व ब्लॉक रीठी सीएचसी की बीएमओ डॉ बतीता सिंह तथा ब्लॉक बड़वारा की नर्सिंग ऑफीसर गीता वर्मा द्वारा द्वारा प्रसव के मामले में सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने के बाद भी प्रसव के प्रकरण को 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर करने तथा ब्लॉक बड़वारा सीएचसी बरही की प्रभारी एएनएम उमा कोल द्वारा गर्भवती महिला की मात्र एक ही जांच करने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचएमओ को मेडीकल ऑफीसर, बीएमओ नर्सिंग ऑफीसर एवं प्रभारी एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद मेडीकल ऑफीसर द्वय डॉ धनेश्वरी सिंह एवं डॉ भारती सिंह सहित बीएमओ डॉ बबीता सिंह, बड़वारा की नर्सिंग ऑफीसर गीता वर्मा तथा ब्लॉक बड़वारा सीएचसी बरही की प्रभारी एएनएम उमा कोल को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए ये स्वत: जिम्मेदार होंगी। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी हैए कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की एण्एनण्सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचे करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जानें के निर्देश दे रखे है।


महिला के शव को घर पहुंचाने परिजनों ने गिरवी रखे जेवर
एम्बुलेंस में डीजल भरवाने के बाद गांव सिमराकला पहुंचा महिला का शव

### 15 के पहले करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**उमरियापान, यशभारत।** प्रदेश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए सरकार छात्रवृत्ति देती है। उमरियापान शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे ने बताया कि वर्ष 2023-24 में योजना का लाभ पाने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एमपी टास पोर्टल पर 15 अप्रेल के पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि 12 से 15 अप्रेल के बीच हेल्प डेस्क बनाकर आवेदनों की प्रकिया पूरी की जाएगी। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को समय के पूर्व ऑनलाइन आवेदन करने निर्देशित किया है।

पश्चिम मध्य रेल्वे
ई-निविदा सूचना
उप मुख्य विद्युत अभियंता (नि.) प.म.रे. डी.आर.एम. ऑफिस के पास हबीबगंज, भोपाल-462024 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदायें प्रतिष्ठित ठेकेदारों से, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा क्रमांक:** बीपीएल/एलसी/टी/640, **कार्य का विवरण:** डब्ल्यू.सी.रेलवे के बीना-कटनी सेक्शन पर सुमरेरी से ईसरवारा सेक्शन में 2x25 केवी, एसी 50 हर्ट्ज एटी ओएचई विद्युतीकरण प्रणाली के संशोधन, डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और अन्य शेष कार्य हेतु। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह, **अनुमानित कीमत रु.:** 31554589.35/-, **बयाना राशि रु.:** 307800/-, **टेंडर फार्म की कीमत रु.:** निल, **टेंडर बंद होने की दिनांक:** 28.04.2023 (15.00 बजे)। ई-निविदा की पूण जानकारी IREPS की वेबसाईट ireps.gov.in पर एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। ई-बिड के अलावा कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। इस प्रकाशन में शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि हो तो केवल उपयुक्त वेबसाइट में ही दिखाई देगा और इसे कहीं और प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता (नि.), पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल
कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

# युवा कांग्रेस का यंग इंडिया के बोल सीजन 3 लांच




**कटनी, यशभारत।** युवा कांग्रेस द्वारा देश भर में यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम की लांचिंग की जा रही है। कटनी में भी युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु अंशू मिश्रा द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर इसकी लांचिंग की गई। अंशू मिश्रा ने बताया की इसकी शुरूआत वर्ष 2019 में हुई। यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम की शुरुआत करने का उद्देश्य युवाओं की आवाज को एक राजनीतिक मंच प्रदान करना है। अधिकांश युवा अपनी आवाज को रखना चाहते है लेकिन सरकार, प्रशासन के दबाव में वह अपनी आवाज प्रकट नहीं कर सकते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हमेशा युवाओं को राजनीति में अधिक अवसर प्रदान करने की बात करते हैं और यंग इंडिया के बोल का मंच युवा आवाज का मंच है। यंग इंडिया के बोल के माध्यम से हजारों युवाओं ने भारतीय युवा कांग्रेस के मंच के जरिए अपनी आवाज को जनता तक पहुंचाया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अभिमत व्यक्त करना आवश्यक है। महानगर से लेकर सुदूर गांव तक, हर वर्ग के युवाओं को यंग इंडिया के बोल के जरिए राजनीति में आने का अवसर धमला है। कॉनसेप्ट द यंग इंडिया के बोल भाषा व वाद संवाद प्रतियोगिता है, जिसमे देश भर से निर्धारित समय में ऑनलाइन आवेदन मांगवाए जाते है। आवेदन के बाद यंग इंडिया के बोल के प्रदेश प्रभारी द्वारा संबंधित राज्य से आए आवदेनों की छटनी कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई जाती है, जिसमे प्रतिभागी की वाक कला, राजनीतिक समझ आदि का मूल्यांकन किया जाता है। चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन ए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संबंधित राज्य की राजधानी में अयोजित की जाती है। यंग इंडिया के बोल में विजेता का चयन स्कोर के आधार पर होता है। कॉम्प्टीशन के जज पैनल में कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी कार्यकर्ता का समूह होता है, जिनके स्कोर के आधार पर विजेता का चयन होता है। मप्र में यंग इंडिया के बोल की संभाग प्रभारी ऐश्वर्या भंड्रे तथा जिले की कॉर्डिनेटर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल को नियुक्त किया गया है। पत्रकार वार्ता में मुडवारा अध्यक्ष राहुल पटेरिया, आदित्य कटारे, प्रदेश सोशल मीडिया समन्वयक शशांक गुप्ता, सचिन गर्ग उपस्थित रहे।



# शराब दुकान खोलने के खिलाफ चक्काजाम

**कटनी, यशभारत।** नई शराब नीति लागू होने के बाद शहर में कई शराब दुकानों को अन्यत्र शिफ्ट किया जा रहा है। कहीं बस्ती के अंदर तो कहीं रहवासी स्थल के आसपास शराब दुकान खोली जा रही है। पिछले दिनों अशोक कॉलोनी के लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद अब उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे के समीपी एसकेपी कॉलोनी के वाशिंदे सड़क पर उतर आए हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग की मिलीभगत के चलते शराब ठेकेदार द्वारा एसकेपी कॉलोनी में शराब दुकान खोली जा रही है। इसके विरोध में आज दोपहर बड़ी संख्या में लोगों ने दुर्गा चौक पहुंचकर चकाजाम कर दिया। खबर लिखे जाने तक यहां कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा था। लोगों की मांग है कि शराब दुकान को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340


नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 21 से 12,3,6 एवं रात्रि 9 बजे से
ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म
किसी का भाई किसी की जान
कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।
नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है


कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
mgm HOSPITAL
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता - दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह - M.B.B.S., M.S., F.M.A.S. (GEN. & Laparoscopy Surgeon) - कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता - M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist - फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार - M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) - कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता - मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा - स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




14 अप्रैल से रोजाना 5 शो
11.00 AM-2D (AUDI-1)
01.00 PM-2D (AUDI-1)
03.00 PM-2D (AUDI-1)
05.00 PM-2D (AUDI-1)
07.00 PM-2D (AUDI-1)
सुपर मारियो 2डी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
भीड़ से भरा शानदार तीसरा सप्ताह




14 अप्रैल से रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
9.30 PM-2D (AUDI-2)
भोला
कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

### नेपानगर में हुई घटना के लिए कांग्रेस की समिति बनी

## भाजपा ने बदले बालाघाट और धार जिला अध्यक्ष

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने बुरहानपुर के नेपानगर क्षेत्र में आदिवासियों, पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों के बीच हुई घटना की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने छह सदस्यीय समिति बनाई है। यह घटना स्थल का दौरा करेगी और ग्रामीणों से बात करके रिपोर्ट बनाएगी और प्रदेश कांग्रेस को देगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पिछले दिनों वन विभाग की टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। इन पर वन विभाग के पौधारोपण को अतिक्रमण की नीयत से नुकसान पहुंचने का आरोप था।आदिवासियों ने थाने पर हमला करके आरोपितों को छुड़ा लिया था।इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणों का हटा दिया। इस पूरी घटना की जांच के लिए वरिष्ठ नेता कांतिलाल भूरिया, प्रताप ग्रेवाल, झूमा सोलंकी, सचिन यादव, बुरहानपुर जिले के प्रभारी कैलाश कुंडल और प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष अर्चना जायसवाल की समिति गठित की है।सभी सदस्य साथ जाकर वस्तुस्थिति पता लगाएंगे।उधर, प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया विभाग का विस्तार करते हुए तीन उपाध्यक्ष, चार प्रवक्ता और दो संभागीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति और की है। विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि अवनीश बुंदेला (भोपाल), संतोष सिंह गौतम (इंदौर) और आर.पी. सिंह (ग्वालियर) को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं, शहरयार खान (भोपाल), प्रवीण धौलपुरे (भोपाल), नीलाभ शुक्ला (इंदौर) और अमीनुल खान सूरी (इंदौर) को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। अमित चौरसिया (इंदौर) और शिवम शुक्ला (सिंगरौली) संभागीय प्रवक्ता होंगे। दूसरी ओर भाजपा ने मंगलवार को दो जिला अध्यक्ष बदल दिए। बालाघाट में रमेश भटेरे के स्थान पर सत्यनारायण अग्रवाल को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, धार में राजीव यादव के स्थान पर मनोज सोमानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।बालाघाट और धार के पूर्व जिला अध्यक्षों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया है।





## नवनियुक्त शिक्षकों को पीएम मोदी ने दिया सक्सेस मंत्र

## सीएम शिवराज ने की बड़ी घोषणा

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निवास में नवनियुक्त शिक्षकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सुबह दस बजे शुरू हुए नवनियुक्त शिक्षकों के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के अलावा प्रदेशभर से बड़ी संख्या में नवागत शिक्षक पहुंचे। इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़े और उन्होंने नवागत शिक्षकों को अपने शैक्षणिक जीवन में उत्तम कार्य करने का सारगर्भित संदेश दिया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान कुछ शिक्षकों को सीएम शिवराज ने प्रतीकस्वरूप नियुक्ति पत्र भी सौंपे। सीएम शिवराज ने शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सीएम शिवराज ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मुझे वक्ता बनाने में किसी का योगदान है, तो मेरे गुरु का है। एक गुरु, महापुरुषों की श्रृंखला खड़ी कर सकता है। यहां सीएम शिवराज ने नवनियुक्त शिक्षकों के हित में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं पिछली सरकार की गलती को सुधार रहा हूं। अब सभी शिक्षकों को पहले साल में 70 फीसदी और दूसरे साल से 100 फीसदी वेतन दिया जाएगा।

प्रदेश में 16 हजार 427 प्राथमिक, तीन हजार 800 माध्यमिक और दो हजार 234 उच्च माध्यमिक श्रेणी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

## जिला पंचायत अध्यक्षों का बढ़ेगा मानदेय, राष्ट्रीय पर्व पर करेंगे ध्वजारोहण

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के मानदेय में सरकार वृद्धि करेगी। साथ ही राष्ट्रीय पर्व पर जिलों में ध्वजारोहण भी करेंगे। 15वें वित्त आयोग और मनरेगा के कामों को छोड़कर शेष कार्यों की स्वीकृति जिला पंचायत अध्यक्ष देंगे।



मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया के साथ जिला पंचायत अध्यक्षों की बैठक में इन मांगों पर सहमति बनी। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्षों की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय होगा।जिला पंचायत अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के नेतृत्व में पंचायत अध्यक्षों ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया से भेंटकर मानदेय में वृद्धि सहित अन्य मांगें रखीं।इन पर सहमति जताते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित मांगों को अनुमोदन के साथ मुख्यमंत्री को भेजा है। वे संवेदनशील हैं और सभी न्यायोचित मांगें पूरी की जाएंगी। मानदेय और वाहन भत्ता भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व पर जिला पंचायत अध्यक्षों को ध्वाजारोहण करने का अवसर देने की मांग पर सैद्धांतिक स्वीकृति दी। साथ ही कहा मनरेगा एवं 15 वें वित्त आयोग के कार्यों को छोडकर शेष सभी कार्यों की स्वीकृति जिला पंचायत अध्यक्ष से लेने की व्यवस्था को बनाया जाएगा।बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्षों-उपाध्यक्षों की सभी मांगों पर विचार किया गया है। इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों पर चर्चा करके अंतिम रूप दिया जाएगा।

## मध्य प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अक्टूबर तक पूरी होगी




■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में रिक्त एक लाख 16 हजार सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर 2023 तक पूरी हो जाएगी। राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से 50 हजार 349 पदों के लिए भर्ती परीक्षा हो चुकी है। 40 हजार 921 के परिणाम घोषित हो गए हैं। 28 हजार 996 पदों के विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं और नौ हजार 73 पदों के लिए भर्ती हो रही है। उधर, बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 हजार 461 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। आठ हजार शिक्षकों की भर्ती मई में होगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 99 हजार 589 रिक्त पद चिन्हित किए गए हैं। निगम, मंडल व अन्य संस्थाओं में 16 हजार 811 पद रिक्त हैं। राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से पांच हजार 553 और कर्मचारी चयन मंडल 90 हजार 320 पदों की भर्ती के लिए प्रक्रिया की जा रही है। शेष पदों के लिए संबंधित विभागों को भर्ती प्रस्ताव एजेंसियों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आरक्षक, पैरामेडकिल स्टाफ सहित अन्य संवर्ग के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। बुधवार को 16 हजार 427 प्राथमिक, तीन हजार 800 माध्यमिक और दो हजार 234 उच्च माध्यमिक श्रेणी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री आवास में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद करेंगे।

उधर, सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से पूछा है कि आउटसोर्स पर कितने कर्मचारियों की भर्ती की है। इसमें उन्हें 15 अगस्त 2022 के बाद तीन या उससे अधिक वर्षों के लिए की गई भर्ती की जानकारी देनी है। उधर, वित्त विभाग ने विशिष्ट कार्यों के लिए चतुर्थ श्रेणी के पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरने के नीति निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इसमें विभागाध्यक्ष आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से चिन्हित पदों पर भर्ती करेंगे। यह व्यवस्था तक तक रहेगी जब तक योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्त नहीं हो जाती है। रिक्त पदों की पूर्ति नियमित पद से होने पर आउटसोर्स की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएं।



## गर्मी को लेकर अलर्ट हुआ भेल नगर प्रशासन व सीआइएसएफ का फायर

■ भोपाल, यशभारत।

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। इस सीजन में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए भेल नगर प्रशासन व सीआएसएफ फायर अमला भी अलर्ट हो गया है। आगजनी की घटना होने पर तत्काल फायर बिग्रेड अमला पहुंच जाता है और समय पर आग बुझाने का काम करता है।कुछ ऐसा ही नजारा भेल में मंगलवार को देखने को मिला। दरअसल भेल के प्रशासनिक भवन में पांचवी मंजिल स्थित कार्यालय के एक कमरे में मंगलवार शाम करीब 4.15 पर खिड़की पर आग लग गई। आग एसी में शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। कर्मचारियों ने इस घटना की सूचना तत?काल सीआइएसएफ के अग्निशमन दस्ते को दी। सूचना मिलते ही अग?निशमन दस?ता मौके पर पहुंचा और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी भी तरह की हानि नहीं हुई। यदि समय पर अमला नहीं पहुंचता तो प्रशासनिक भवन में बड़ी आग लग जाती। इससे पहले भी गर्मियों में भेल में आग लगने की घटनाएं हुई हैं, लेकिन भेल के सीआइएसएफ के अमले के अलर्ट होने से तत्काल आग बुझाई गई हैं। भेल के प्रवक्ता विनोदानंद झा ने बताया कि गर्मी को देखते हुए सीआइएसफ का फायर बिग्रेड अमला सर्तक है। आगजनी की घटना कारखाने में कहीं भी न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## शहर में प्लाट और मकान बेचने बीडीए अगले माह लगाएगा आवास मेला

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में नगर निगम के बाद अब भोपाल विकास प्राधिकरण अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए आवास मेले का आयोजन करने जा रहा है। यह मेला 15 मई को लगेगा। इसके लिए बीडीए आध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी ने मंगलवार को एयरोसिटी आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया। सोनी ने यहां चल रहें विकास कार्य का मुआयना करते हुए प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बता दें कि वर्तमान में बीडीए एयरो सिटी योजना के अंतर्गत एयरो रेसीडेंसी में 122 डुप्लेक्स एवं 272 ईडब्ल्यूएस फ्लैटस निर्माणाधीन है। साथ ही सीबीएससी मुख्ययालय और पावर ग्रिड कार्पोरेशन के लोड डिस्पेच सेन्टर और स्टाफ क्वार्टर्स के लिए चिह्नित जमीन का भी निरीक्षण किया। सोनी ने बताया कि आवास मेले के दौरान रेडी पजेशन प्रापर्टी का आधिपत्य भी सौंपा जाएगा। उधर, नगर निगम शहर को सुअर मुक?त बनाने के लिए नई पहल कर सकता है। ननि अध्यक्ष अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी अपने कार्यकाल की शुरूआत से ही शहर को सुअर मुक?त बनाने की दिशा में सक्रिय हैं। अब उन्होंने शहर को पिग फ्री बनाने के लिए शूटर रखने की बात कही है। मंगलवार को सूर्यवंशी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि पिग फ्री शहर बनाने में इनके व्यवसायियों ने सहयोग नहीं किया तो निगम पिग शूटर रखेगा, जो कि निगम के नियमों के तहत होगा।

### जेल अधीक्षक की कुर्सी पर विराजे कथावाचक

## अनिरुद्धाचार्य, तस्वीर वायरल

■ भोपाल, यशभारत।

पिछले दिनों एक करोड़ रुपये की फिरौती न देने पर बम से उड़ाने की धमकी मिलने को लेकर सुर्खियों में रहे कथावाचक अनिरुद्धाचार्य एक बार फिर चर्चाओं में हैं।



इस बार उनके सुर्खियों में रहने का सबब बना है एक फोटो, जिसमें वह भोपाल सेंट्रल जेल अधीक्षक की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका यह फोटो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद लोग इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। दरअसल कथावाचक अनिरुद्धाचार्य आठ अप्रैल को भोपाल सेंट्रल जेल में प्रवचन करने पहुंचे थे। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे उन?हें अपना गुरु मानते हैं और उन?हीं के आग्रह पर अनिरुद्धाचार्य इंदौर से आकर वहां पहुंचे थे। यहां पर बंदियों के अलावा जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उनके प्रवचन सुने। बताया जाता है कि इसके उपरांत जेल अधीक्षक के आग्रह पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य उनके कक्ष में भी गए। वहां पहुंचकर वह जेल अधीक्षक के निवेदन पर उनकी कुर्सी पर जाकर बैठ गए। इसी दौरान किसी ने उनकी यह तस्वीर ली, जो अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है।अब लोग उनके इस कृत्य को शासकीय नियमों के विरुद्ध बताते हुए तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

### 75 प्रतिशत टीआइ होंगे शहर से बाहर

## पूरा कर चुके तीन साल का कार्यकाल

■ भोपाल, यशभारत।

पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस के करीब 75 फीसदी इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी जिले से बाहर होंगे। वह पुलिस मुख्यालय के तीन साल के नियम के दायरे में आ गए हैं। उसके लिहाज से अब कमिश्नरी में नए थाना प्रभारियों की तैनाती को लेकर जमावट शुरू हो गई है। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दे दिए हैं।बता दें कि राजधानी के 38 पुलिस थानों के साथ पुलिस में पदस्थ करीब 75 फीसदी ऐसे इंस्पेक्टरों को जिले से बाहर करने की पीएचक्यू में तैयारी हो रही है, जो तीन साल या इससे अधिक समय से जिले में पदस्थ है। इस नियम के दायरे में कमिश्नरी के अधिकांश थानों में तैनात इंस्पेक्टर रैंक के थानाप्रभारी आ गए हैं। उनको बदलने की तैयारी अब कमिश्नरी में शुरू हो गई है। इस कमला नगर टीआइ अनिल वाजपेई का नाम सबसे ऊपर है। इन्हें जिले में करीब छह साल का समय हो चुका है। वह कोलार, कोहेफिजा और जहांगीराबाद थाना प्रभारी रह चुके हैं। इस दौरान एक बार इनका तबादला जिले से बाहर हुआ, लेकिन शासन ने किसी कारण उसे निरस्त कर दिया गया। उनके साथ अयोध्या नगर थाना नीलेश अवस्थी 2013 में भोपाल जिले में तैनात हैं। वह गुनगा, गांधीनगर, आनंद नगर चौकी थाना प्रभारी रह चुके हैं।इधर, हनुमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र ठाकुर शहर में सबसे अच्छा थाना माने जाने वाले इस थाने में तैनाती के चार साल पूरे करने जा रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक हनुमानगंज थाने में एक साथ तैनाती का रिकार्ड कायम कर लिया है। इस समय वह प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और भोपाल को मिलाकर किसी महानगर में एक साथ चार साल तक एक ही थाने में तैनाती में सबसे आगे हैं। मंगलवारा थाना प्रभारी संदीप पवार, बागसेवनिया टीआइ संजीव चौकसे, टीटीनगर थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी, बैरागढ़ थाना प्रभारी डीपी सिंह, कोतवाली टीआइ एलडी मिश्रा, निरीक्षक चंद्रकांत पटेल, निरीक्षक सुदेश तिवारी, एमपीनगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया, पिपलानी टीआइ अजय नायर, क्राइम ब्रांच टीआइ अनूप उईके, अजिता नायर, अरेरा हिल्स टीआइ आरके सिंह, श्यामला हिल्स टीआइ उमेश यादव, गौतम नगर टीआइ जहीर खान, शाहजहांनाबाद टीआइ सौरभ पांडे, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान समेत कुछ अन्य टीआइ शामिल है।



### जहां टेंट लगाकर बेची शराब

## वहीं नगर निगम ने दे दी दुकान बनाने की अनुमति

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में शराब दुकानों को लेकर लंबे समय से विरोध चला आ रहा है। इसी वजह से शहर की कुछ दुकानों को बंद कर दिया गया था अब उनके लिए नगर निगम द्वारा नई जगह दी जा रही है। इससे पहले ही शराब ठेकेदारों ने अपनी मर्जी से टेंट लगाकर शराब दुकान बेचना शुरू कर दी है। दरअसल कोहेफिजा में स्टेट बैंक चौराहा से शराब दुकान को बंद कर दिया था, जिससे ठेकेदार ने ब्रिज के नीचे टेंट लगाकर शराब बेचना शुरू कर दिया था। नगर निगम दुकान के लिए जगह की तलाश कर रहा था, लेकिन कहीं नहीं मिली तो निगम ने ब्रिज के नीचे ही शराब दुकान खोलने की अनुमति दे दी है।बताया जा रहा है कि टेंट लगाकर शराब बेच रहे ठेकेदार को नगर निगम से अनुमति मिलने के बाद उसने लोहे की चादर का मजबूत शेड बनाना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, वहां पर सीमेंट, गिट्टी के साथ पत्थर तक लगाए जा रहे हैं। यहां शराब दुकान बनने के साथ ही शराब भी बेची जा रही है। जब मौके पर पहुंचकर नवदुनिया ने शराब दुकान पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि निगम ने जगह दी है।



## राजमार्गों पर भी हो रहा अतिक्रमण, कैसे हो सुरक्षित परिवहन

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में सरकारी जमीन ही नहीं, बायपास और राजमार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जहां हादसे हो रहे हैं और लोगों को जान तक गंवानी पड़ रही है। सोमवार को भोपाल बायपास के जगदीशपुर तिराहे पर अतिक्रमण के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। तब भी हालत नहीं बदले। मंगलवार को उसी स्थान पर जाम लगा के हालत बनते रहे। जिम्मेदारों ने हाल तक नहीं जाना कि आखिर हादसे की वजह क्या थी? और उसे कैसे दूर किया जा जाए। असल बात यह है कि जिले में सड़कों के किनारे अतिक्रमण करना आम बात हो गई है। निगम और प्रशासन के अधिकारियों की चुप्पी के कारण अतिक्रमणकारी बेखौफ होकर कब्जा जमा रहे हैं। ये सड़कों के किनारे अवैध दुकानें, ठेले लगाते हैं तो कुछ वाहन खड़े कर देते हैं। इससे सड़क किनारे पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं बची है तो दूसरी तरफ आमजन को जान जोखिम में डालकर परिवहन करना पड़ रहा है। दरअसल अतिक्रमण सहित पसरी तमाम अव्यवस्थाओं की वजह से आए दिन इन बायपास और राजमार्ग पर हादसे बढ़ते जा रहे हैं। जिनमें लोग अपनी जान तक गवां रहे हैं, फिर भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के पास 11 मील से खजूरी सड़क तक बनाए गए 52 किलोमीटर के भोपाल बायपास पर भी हालत काफी खराब हैं। यहां पर चौक- चौराहों पर चारों तरफ अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। 11 मील से टोल नाके तक दोनों तरफ रेत के डंपर, ट्रक चौबीस घंटे सड़क को घेरे खड़े रहते हैं। इसके आगे रापड़िया जोड़, बर्रई जोड़, सूखीसेवनिया जोड़, जगदीशपुर जोड़ और बैरसिया जोड़ सहित आगे तक अतिक्रमण पसरा हुआ है। मनमर्जी से लोग दुकानें सजाते जा रहे हैं। ठेले वालों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा शहर के जेके रोड, रायसेन रोड, नर्मदापुरम रोड, रातीबड़ रोड, परवलिया सड़क, बैरसिया रोड आदि पर भी यही हाल बना हुआ है।



**रहवासी बोले, निकलना होता है मुश्किल**

भोपाल बायपास जगदीशपुर चौराहे से निकला है। यहां पर चारों तरफ अतिक्रमण

### अयोध्या बायपास का हाल सर्वाधिक बेहाल

शहर से सटे प्रमुख मार्ग अयोध्या बायपास का हाल यह है कि यहां पिछले पांच साल में तेजी से खेती की जमीन के आवसीय होते ही कालोनियां विकसित हो रही हैं। साथ ही इस सड़क के दोनों तरफ किनारे अतिक्रमण भी बढ़ता जा रहा है। चाट-चाऊमीन, नाश्ते आदि के ठेले, गन्ने की दुकान, सब्जी की दुकान आदि दिनभर लगे रहते हैं। वहीं इस मार्ग से तेज रफ्तार ट्रक सहित अन्य भारी वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क किनारे लगी इन दुकानों की वजह से भीड़ होती है और आमजन को परिवहन में दिक्कत होती है। कभी-कभी जाम लग जाता है तो कभी बड़ा हादसा तक हो जाता है। बावजूद इसके स्थानीय थाना पुलिस, एसडीएम और नगर निगम अमले द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही हाल करोंद चौराहे से गांधी नगर जाने वाले जेल रोड का भी है।

### मध्य प्रदेश में अब तक 83 लाख लाड़ली बहनों ने भरे आवेदन,

## 13 अप्रैल को बड़वानी में होगा सम्मेलन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अभी तक 83 लाख बहनों ने आवेदन भरे हैं। 13 अप्रैल को बड़वानी जिले के निवाली में लाड़ली बहना सम्मेलन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर से जानकारी ली। सम्मेलन में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लाड़ली बहना सम्मेलन के साथ विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रदर्शनी, श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान, हितग्राहियों को हित लाभ वितरण, सीएम फैलो, जन सेवा मित्रों की भागीदारी से कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से किया जाए।वहीं, 19 अप्रैल को हरदा जिले के टिमरनी में हितग्राही सम्मेलन, भू-अधिकार योजना हितग्राहियों को लाभान्वित करने और विभिन्न कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन होगा। इसके संबंध में कलेक्टर हरदा से तैयारियों की जानकारी ली गई।

# गुणवत्ता में सुधार लाने शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

## निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था से असंतुष्ट दिखे कलेक्टर

**कटनी,यशभारत।** सीएम राइज स्कूल बड़वारा में शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्ता में सुधार के लिए कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति की अनुशंसा पर विद्यालय के शिक्षकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है।



### कलेक्टर ने निरीक्षण में मिली अनियमितताओं की कराई थी जांच

उल्लेखनीय है कि गत 16 मार्च को कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा बड़वारा के भ्रमण कार्यक्रम दौरान सीएम राइज मॉडल स्कूल बड़वारा के निरीक्षण में कई अनियमिततायें पाई गई थी। जिसकी जांच के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद ने 4 सदस्यीय एक समिति गठित कर 7 दिवस में जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया था। जांच समिति विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों की उपस्थिति, अध्यापन, गुणवत्ता, मूल्यांकन, लाइब्रेरी व्यवस्था, विद्यालय प्रांगण की साफसफाई और शिक्षा गुणवत्ता आदि बिंदुओं की समीक्षात्मक जांच की थी।

### जांच समिति ने दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण का सुझाव

कलेक्टर द्वारा सीएम राइज स्कूल बड़वारा की जांच के लिए गठित 4 सदस्यीय समिति द्वारा विद्यालय के संपूर्ण अवलोकन, साझेदारों से चर्चा, विद्यार्थियों के परीक्षण और परिणाम विश्लेषण के आधार पर कलेक्टर को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव देते हुए विस्तृत रूपरेखा और कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

### इन विषयों पर दिया जायेगा प्रशिक्षण

जांच समिति सदस्यों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी प्रिया चंद्रावत, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, प्राध्यापक शासकीय तिलक महाविद्यालय श्रीमती चित्रा प्रभात और व्याख्याता जिला शिक्षा प्रशिक्षण एवं संस्थान राजेंद्र असाटी द्वारा प्रस्तुत संयुक्त जांच रिपोर्ट में प्राचार्य एवं शिक्षकों में समन्वय और टीम बिल्डिंग, पुस्तकालय संचालन का महत्व, विद्यार्थियों में सीखने की क्षमता एवं काउंसलिंग तथा इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट विषयों पर अलग अलग प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

# देर रात कमरे में फांसी पर लटका मिला दस्तावेज लेखक का शव

### खाना खाने के बाद बेडरुम में पहुंचते ही उठाया आत्मघाती कदम



**कैमोर,यशभारत।** कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटिया मुहल्ला निवासी 44 वर्षीय दस्तावेज लेखक नीरज पांडेय का शव कल देर रात उसके कमरे में फांसी पर लटकता पाया गया। वारदात का पता तब चला घर के काम-काज से फुर्सत होकर नीरज पांडेय की पत्नी ने भी सोने के लिए बेडरूम में जाने का प्रयास किया। बेडरूम का दरवाजा भीतर से बन्द होने और काफी खटखटाये जाने के बाद भी भीतर से पति की कोई हलचल समझ में नहीं आने से पत्नी घबरा गई। उसके रोने और शोर मचाने की आवाज सुनकर उसका 14 वर्षीय पुत्र और सासू मां भी वहां पहुंच गई। सबने नीरज का नाम ले लेकर पुकारा पर भीतर से कोई आवाज नहीं आई। शोरगुल सुनकर पड़ोसी भी आ गए। एक पड़ोसी ने छत पर जाकर झरोखे से देखा तो नीरज का शरीर पंखे की रॉड से लटकता दिखा। आनन फानन दरवाजा तोड़कर लोग कमरे में पहुंचे तब तक फांसी पर लटके नीरज पांडेय की सांसों की डोर टूट चुकी थी। पड़ोसियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस के आने पर शव नीचे उतारा गया। रात में पंचनामा कार्यवाही के बाद पुलिस ने आज सुबह शव पोस्टमार्टम के लिए विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद सुबह 11 बजे शव परिजनों को सौंप दिया गया। दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। अंतिम संस्कार में विजयराघवगढ़ व्यवहार न्यायालय तथा तहसील कोर्ट के अधिवक्ता एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। दस्तावेज लेखक नीरज पांडेय के इस आत्मघाती कदम ने सभी को हैरत में डाल दिया था। कोई इस बात का अंदाजा नहीं लगा पा रहा था कि हमेशा खुशमिजाज रहने वाले नीरज पांडेय ने आखिर यह कदम क्यों उठा लिया। नीरज पांडेय पिछले 12 - 14 सालों से न्यायालयीन दस्तावेजों की टाइपिंग का काम करता चला आ रहा। यह कार्य वह न्यायालय और घर दोनों जगह करता था। नीरज के पिता शुभनारायन पांडेय पूर्व सैनिक रहे। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वे भटिया मोहल्ले के अपने इसी घर में रहते थे। लगभग 5 साल पहले उनका देहांत हो गया था तब से नीरज पांडेय अपनी माँ पत्नी और बेटे के साथ रहता था। पत्नी भी मिलनसार स्वभाव की हंसमुख महिला थी। छोटे -मोटे घरेलू विवाद की बात छोड़ दें तो पति- पत्नी के बीच किसी मतभेद की बात कभी सामने नहीं आई। आर्थिक स्थिति भी ठीक ठाक थी। तब ऐसा आखिर क्या हो गया कि नीरज को यह दुःखदायी कदम उठाना पड़ा। पत्नी के अनुसार कल रात रोज की तरह दस साढ़े दस बजे खाना खाकर वे अपने कमरे में सोने चले गए गए। पत्नी ने भी बच्चे को खाना खिलाया और कुछ छोटे मोटे घरेलू काम निपटाकर वह भी सोने चली गई। अमूमन बेडरूम का दरवाजा भीतर से बन्द नही होता था। हल्के धक्के से ही दरवाजा खुल जाता था। धक्का देने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने पाया कि दरवाजा भीतर से बन्द है। उसके पति ने ऐसा क्यों किया यह उसके समझ में भी नहीं आ रहा। रोती बिलखती पत्नीए14 वर्षीय किशोर पुत्र और बूढ़ी मां को बेसहारा छोड़कर आखिर नीरज ने आत्महत्या का यह कदम क्यों उठाया इस राज पर से पर्दा उठना अभी बाकी है। बहरहाल इसका पर्दाफाश करने का काम अब पुलिस का है। शोकाकुल परिवार से पुलिस ने अभी किसी तरह की पूछताछ नहीं की। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है। पीएम रिपोर्ट और गहन पूछताछ के बाद ही इस घटना का खुलासा होगा जिसका सभी को इंतजार रहेगा।

### संभागायुक्त की मौजूदगी में मना ज्योतिबा फुले का जन्मदिन

# ज्योतिबा फुले ने दिखाई सामाजिक बदलाव की राह



**कटनी,यशभारत।** महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिन पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष मे संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा और कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम मे महात्मा फुले के नारी शिक्षा, समाज सुधार और कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दिए गये योगदान का पुण्य स्मरण किया गया। संभागायुक्त अभय वर्मा और कलेक्टर अवि प्रसाद एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित जिले के अधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। कलेक्टर निर्देश पर जिले भर मे जगह-जगह महात्मा फुले के जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार आज भी समीचीन, प्रासंगिक और समाज के लिए प्रेरणादायक है। हम सबको उनके बताये मार्ग पर चलकर बेहतर समाज बनाना है। प्रसाद ने कहा कि महात्मा फुले अपने समय के ऐसे समाजशास्त्री और मानवतावादी थे, जिन्होने समाज के हित के लिए कई साहसिक विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान महात्मा फुले के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सारगर्भित चर्चा हुई। जिसमे महात्मा फुले के सामाजिक न्याय, समानता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र मे उनके निःस्वार्थ तरीके से दलितों की सेवा और उत्थान करने की उनकी प्रतिबद्धता लोगों को इतनी प्रेरक लगी कि लोगों ने उन्हे महात्मा के रूप में ही प्रतिष्ठित कर दिया।

# जिले में परशुराम जयंती मनाने तैयारियां शुरू

## कटनी सहित विजयराघवगढ़ और कैमोर में हुई बैठक





**कटनी,यशभारत।** भगवान विष्णु के अवतार विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम की जयंती आगामी 22 अप्रैल दिन शनिवार को पूरे जिले में भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। जिला मुख्यालय सहित तहसीलों में भी जयंती समारोह को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठकों का दौर जारी है। बीते रविवार 9 अप्रैल को स्थानीय मसुरहा घाट स्थित ब्राह्मण सत्संग भवन में जिला ब्राह्मण समाज की बैठक समाज के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में नगर ब्राह्मण समाज, युवा ब्राह्मण समाज एवं महिला ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। कटनी के बाद 11 अप्रैल सोमवार को कैमोर के मुरलीधर मन्दिर तथा आज 13 अप्रैल को विजयराघवगढ़ तहसील मुख्यालय में भी ब्राह्मण समाज की बैठक परशुराम जयंती को लेकर आयोजित की गई। जिला ब्राह्मण समाज की बैठक में भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। चलित झांकियों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ 22 की शाम स्थानीय मुख्य रेल्वे स्टेशन परिसर स्थित श्रीराम मंदिर से होगा। बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, जगन्नाथ चौक होते हुए ब्राह्मण सत्संग भवन पहुंचेगी जहां महाआरती और प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। ब्राह्मण समाज की इस बैठक में जिलाध्यक्ष रामचन्द तिवारी के अलावा नगर अध्यक्ष राजू शर्मा, अवध पांडेय, विद्याधर मिश्रा, पुरुषोत्तम गौतम, विपिन तिवारी, विक्रांत दुबे, कल्पना दुबे, डॉ उषा पांडेय, प्रेम प्रकाश दीक्षित, प्रकाश भौमिया, बी एम तिवारी, जैनेंद्र त्रिपाठी, सत्यंजय त्रिपाठी, अश्विन गौतम, जागेश्वर पाठक, सरमन तिवारी, हरिशंकर शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद गौतम, सनत कुमार परौहा, मोहन मिश्रा, सूर्यकांत गौतम, कृष्णकांत गौतम, सीए सुशील शर्मा, राकेश दुबे, सत्यम गौतम, गीता पाठक, हरिशंकर बाजपेई, बिल्लू गौतम आदि की उपस्थिति रही। इसी कड़ी में कैमोर नगर में भी ब्राह्मण समाज की बैठक सोमवार की शाम मुरलीधर मन्दिर परिसर में आयोजित की गई जिसमें परशुराम जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

### विजयराघवगढ़ में भी रहेगी धूम

विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुरामजी की जयंती पर इस बार विजयराघवगढ़ में भी भव्य और विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने आज शाम ब्राह्मण समाज की एक बैठक विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की गरिमामय उपस्थिति में स्थानीय संकट मोचन मन्दिर परिसर में आयोजित की गई है। सभी विप्र जनों से इस बैठक में शामिल होने की अपील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने की है।

# भावों के साथ दुख-दर्दों को उकेरने का प्रयास

कटनी के प्रतिष्ठित पाठक परिवार में जन्मीं युवा कवयित्री नीलिमा पाठक सामन्तरे जी किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं, सत्येन्द्र पाठक जी व श्रीमती निर्मला पाठक की सुपुत्री, विधायक संजय पाठक की बहन नीलिमा ने अपनी कविताओं के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। नीलिमा जी को राजनीति व सेवा भाव में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले संस्कारित पाठक परिवार का स्नेहाशीष और मार्गदर्शन मिला जिससे मानवीय मूल्यों को समझने व उन्हें स्नेह सम्मान देने का गुण उनके मन में गहरे पैठ बनाता रहा। यह माँ सरस्वती की उन पर विशेष कृपा रही कि बाल्यकाल से ही उनमें साहित्य के प्रति समझ आ गयी थी। माटी में पड़ा बीज कभी व्यर्थ नहीं जाता अनुकूल वातावरण पाकर अपने समय पर वह बीज अंकुरित अवश्य होता है नीलिमा जी के साथ भी यही हुआ साहित्य का कविता का बीज अपने समय पर अनुकूल परिस्थितियाँ पाकर अंकुरित हुआ और उनके हृदय से काव्यधारा फूट पड़ी। ऐसा कहा जाता है कि मन के भावों की अनुभूति का शब्दरूप ही कविता है और यह सुखद संयोग है कि नीलिमा जी के काव्यसंग्रह का उन्वान भी अहसास अनुभूति ही रखा गया। दिल की बात ही दिलों तक पहुँचती है संग्रह की प्रथम कविता भी दिल की बात से शुरू हुई जिसमें प्रकृति में व्याप्त सुंदरता को मन की दशा में दस्तक देते रूमानी और रूहानी भावों को शब्दों में बाँधने का सुंदर व सफल प्रयास किया गया है। इनकी कविताओं में जहाँ निश्छल प्रेम की कविता है वहीं अध्यात्म व परम्पराओं से जुड़े रीति-रिवाजों को भी दर्शाने की भावना स्पष्ट प्रतीत होती है, श्रम करने वालों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहन देते भावों के साथ ही उनके दुख-दर्दों को उकेरने का प्रयास कवयित्री ने बहुत खूबसूरती के साथ किया है। समाज में व्याप्त विसंगतियों की तरफ भी नीलिमा जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकाश डाला है चाहे वे महिलाओं से की जा रही ज्यादती हो या कानून व्यवस्था से संबंधित समस्याएँ हों, कवयित्री की पैनी नजर से कोई भी विषय अछूता नहीं है, भूख गरीबी, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत विषयों के साथ-साथ पर्यावरण जैसे गंभीर राष्ट्रीय मुद्दे हों या मँहगाई और मिलावट जैसे हर गृहिणी के लिए विचारशील मुद्दे हों उनकी कलम हर समस्या पर अपने विचार रखती दिखाई देती है एवं जनमानस के विश्वास व चेतना को भी प्रोत्साहन देते दिखाई देती है। अपने देश, उसकी माटी, धार्मिक रीति-रिवाजों, परम्पराओं और त्योहारों को मनाने की प्रथा की प्रशंसा करती कलम कोरोना जैसी भयानक महामारी के दुष्प्रभावों व जनमानस के दुखों के लिए भी दुखी व चिंतित है यह उनकी रचनाओं से सपष्ट झलकता है। नारी का मन कितना संवेदनशील और ममत्व भरा होता है यह नीलिमा जी के काव्य संग्रह अहसास को पढ़कर सहज ही समझा जा सकता है। उनके लेखन को साहित्याकाश में और ऊँचाइयाँ प्राप्त हों, उनके सुखमय एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामनाओं सहित मैं उनकी कलम को प्रणाम करता हूँ।




पुस्तक समीक्षा



**- सतीश आनन्द**
**गजलकार, कटनी**



# चमकविहीन गेहूं का करें उपार्जन

**कटनी,यशभारत।** म.प्र. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर चमकविहीन गेहूँ के उपार्जन हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए है। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पों ने उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य विपणन सहकारी संघ, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लाजिस्टिक्स, सचिव कृषि उपज मंडी तथा प्रबंधक एवं समस्त खरीदी प्रभारी उपार्जन केन्द्र को शासन निर्देशानुसार चमकविहीन गेंहूँ के उपार्जन की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

# उचित मूल्य दुकानें स्वसहायता समूहों को की जा सकेंगी आवंटित

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर ने आदेश जारी कर अनुविभाग अंतर्गत ऐसी शासकीय उचित मूल्य दुकानें जिनमें विक्रेता नहीं है एवं समिति द्वारा विक्रेता पदस्थ नहीं किये जा रहे हैं, ऐसी स्थिति में विकासखण्ड में पदस्थ एन.आर.एल.एम के ब्लॉक मैनेजर के माध्यम से स्व सहायता समूहों से उचित मूल्य दुकान संचालित करने हेतु आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का निर्धारित मापदण्ड अनुसार परीक्षण कर पात्र स्व सहायता समूहों की जानकारी एवं आवेदन अनुशंसा सहित जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन प्राप्त कर विक्रेताविहीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों को स्व सहायता समूह को आवंटित करने की नियमानुसार कार्यवाही म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत किये जाने हेतु निर्देशित किया है। विदित हो कि जिले में सेवा सहकारी समिति द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों में विक्रेता नियुक्त नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल तथा जिला परियोजना प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत कटनी के निर्देशानुसार विक्रेताविहीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों को स्व सहायता समूहों को निर्धारित मापदण्ड अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटित की जा सकती है।

# परीक्षा केन्द्रों के भौतिक सत्यापन हेतु समिति गठित



**कटनी,यशभारत।** परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर के आदेशानुसार राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2022 का आयोजन 21 मई को ओ.एम.आर. पद्धति से प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो सत्रों में जिले के 07 परीक्षा केन्द्रो में किया जाना है। अपर कलेक्टर सह परीक्षा प्रभारी अधिकारी रोमानुस टोप्पो नें आदेश जारी कर जिले के परीक्षा केन्द्रों में केन्द्र का नाम, पता, बैठक क्षमता, पेयजल, शौचालय इत्यादि व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किये जाने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने गठित समिति में राजेश अग्रहरी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीमती एम.पी. डुंगडुंग बी.ई.ओ एवं आलोक पाठक प्राचार्य शासकीय पुरवार हाई स्कूल को रखा जाकर जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो का भौतिक सत्यापन कर 02 दिवस में अपनी रिपोर्ट कक्ष क्रमांक- 102 कार्यालय राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान जिला कटनी में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW
Mittal
MALL
Paytm
book my show
From 31th March 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी खुशखबरी, झूम उठेंगे भारतीय फैंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप इसी साल अक्टूबर-नवंबर के बीच भारत में खेला जाना है. इस बड़े टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए सभी टीमें आईपीएल में खेल रहे अपने खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर नजर रख रही है. आईपीएल 2023 के बीच टीम इंडिया के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. पिछले कई समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे एक खिलाड़ी ने आखिरकार फॉर्म में वापसी कर ली है. ये खिलाड़ी टीम इंडिया के सबसे बड़े मैच विनर्स में से एक है.




## वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी खुशखबरी

टीम इंडिया इस साल वनडे वर्ल्ड कप अपने ही घर में खेलने वाले है, ऐसे में भारतीय फैंस को टीम इंडिया से काफी उम्मीद है. टीम इंडिया ने पिछली बार 2011 में अपने ही घर में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. इस बड़े टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने फॉर्म में वापसी कर ही है. रोहित शर्मा के बल्ले से पिछले कई समय से बड़ी पारी देखने को नहीं मिली थी, लेकिन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वह एक कप्तानी पारी खेलने में कामयाब रहे जो भारतीय फैंस के लिए किसी बड़ी खुशखबरी से कम नहीं है।

## 24 पारियों के बाद आईपीएल में अर्धशतक

टीम इंडिया के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के लिए भी फॉर्म में आना काफी जरूरी था. रोहित शर्मा के बल्ले से आईपीएल में 24 पारियों के बाद अर्धशतक निकला है. इससे पहले रोहित शर्मा ने साल 2021 के आईपीएल में 50 रन का आकंड़ा पार किया था. रोहित शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 गेंदों पर 65 रनों की पारी खेली. इस पारी में रोहित शर्मा के बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के देखने को मिले.

## IPL 2023 में मुंबई इंडियन की पहली जीत

आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस को आखिरकार अपनी पहली जीत मिल गई है. मुंबई इंडियंस को सीजन के शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन दिल्ली कैपिटल्स को हराकर मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2023 की पहली जीत दर्ज की. इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की अपनी टीम की जीत के हीरो रहे।



# कुणाल पंड्या ने जानबूझकर निकोलस पूरन को पानी में धकेला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का ऐसे तो बहुत टाइट शेड्यूल होता है लेकिन मौका मिलते ही वे अपने लिए फुर्सत के कुछ क्षण निकाल ही लेते हैं। हाल ही में विराट कोहली ने बेटी वामिका के साथ स्विमिंग पूल के किनारे एक तस्वीर शेयर की थी, जो यूजर्स ने काफी पसंद किया था और वह सोशल मीडिया पर बहुत वायरल भी हुई थी। अब एक वीडियो निकोलस पूरन और क्रुणाल पंड्या को सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो को क्रुणाल पंड्या और केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या अपनी टीम के साथी और कैरेबियाई क्रिकेटर निकोलस पूरन को स्विमिंग पूल में धकेलते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो देखने से लग रहा है निकोलस पूरन स्विमिंग पूल में उतरना नहीं चाहते थे, लेकिन क्रुणाल पंड्या ने उन्हें जानबूझकर धक्का दे दिया।

# पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर ने चयनकर्ताओं को खुलेआम दी धमकी, बोले- इस बार टीम से बाहर किया तो...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट ज्यादातर समय विवादों से घिरा रहता है। हाल ही में खबर सामने आई कि शाहिद अफरीदी चाहते थे कि बाबर आजम को कप्तान के रूप में रिप्लेस किया जाए। अभी यह विवाद थमा नहीं था कि एक और बड़ी बात सामने आई है। पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम ने चयनकर्ताओं को धमकी दी है कि अगर उन्हें अब टीम से बिना जानकारी दिए ड्रॉप किया गया तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। इमाद वसीम को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में चुना गया था।

## इमाद वसीम ने क्या कहा

34 साल के इमाद वसीम करीब एक साल से ज्यादा समय तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहे। उन्होंने वापसी से पहले आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच नवंबर 2021 में दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। एक स्थानीय टीवी चैनल से बातचीत में वसीम ने खुलासा किया कि चयनकर्ताओं ने उन्हें बिना कोई कारण बताए राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया था। क्रिकेट पाकिस्तान ने इमाद वसीम के हवाले से कहा, चयनकर्ताओं ने मुझे पिछले एक से डेढ़ साल तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रखा और इसका कारण नहीं बताया। अब मैं ऐसा दोबारा नहीं होने दूंगा। इस बार मेरे एक्शन महत्वपूर्ण होंगे। मैं अपने करियर के उस पड़ाव पर हूं कि अगर मुझे बिना बताए बाहर किया गया तो कोई कदम उठा लूंगा।

## ऐसी कोई तकलीफ नहीं

इमाद वसीम ने साथ ही बताया कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में नहीं खेलने पर आर्थिक रूप से कोई नुकसान नहीं हुआ। वो जब




राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं थे, तब ज्यादा कमाई करने में सफल हो रहे थे। वसीम ने कहा, जब मैं टीम से बाहर था, तो आर्थिक रूप से कोई नुकसान नहीं हुआ। मैं पाकिस्तान के लिए खेलकर जितना कमाता हूं, उससे ज्यादा ही कमाई हो रही थी। पाकिस्तान के ऑलराउंडर ने कहा कि उन्हें अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा, मुझे अपनी क्षमता पर पूरा विश्वास है। अगर मैं ऐसा गेंदबाज होता, जो परिस्थिति पर निर्भर रहता तो ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में टी20 लीग की टीम मेरा चयन नहीं करती। बता दें कि इमाद वसीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे।

## इमाद वसीम का करियर

इमाद वसीम ने 61 टी20 इंटरनेशनल मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और एक अर्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। उन्होंने 57 विकेट भी चटकाए। हाल ही में वसीम ने पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने तीन अर्धशतक की मदद से 404 रन बनाए और 9 विकेट लिए।

## दिव्यांग क्रिकेट प्रीमीयर लीग



# देश की प्रथम दिव्यांग प्रीमियर लीग में रामबरन की हैट्रिक : जबलपुर और उज्जैन जीते

**जबलपुर, यशभारत।** स्थानीय रानीताल मैदान पर खेली जा रही दिव्यांग प्रीमियर लीग के दूसरे दिन 2 मैच खेले गए जिसमें जबलपुर और उज्जैन की टीमें जीतीं । मैच के शुरुआत में उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता सह सचिव अमीश्री खरे एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया द्य उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता ने खिलाड़ियों के हौसले की प्रशंसा की और दिव्यांग खिलाड़ियों को नए भारत की प्रेरणा बताया वही पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा ने कहा कि मैंने बड़े-बड़े पर्वतों को जीता है लेकिन आपके हौसलों ने और आप की खेल भावना ने मेरे दिल को जीता हैआज खेले गए पहले मैच में उज्जैन संभाग ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया बल्लेबाजी के लिए उत्तरी इंदौर की टीम का आगाज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बृजेश द्विवेदी ने मैच की पहले ही गेंद पर चौका मारकर किया और 12 रन



पर आउट हो गए उनका साथ निभा रहे शैलेश पटेल ने सर्वाधिक 22 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली द्य इंदौर के लिए गुरुदत्त ने 15 एवं अजय ने 10 रनों की मदद से कुल 101 रन बनाए उज्जैन की ओर से गेंदबाजी करते हुए आसिफ मीर ने सर्वाधिक 3 विकेट अनिल चौहान ने दो पीयूष गर्ग ने एक खिलाड़ी को आउट किया 102 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उज्जैन की टीम ने अपनी सधी हुई बल्लेबाजी से 14 ओवर में अपने लक्ष्य को हासिल कर 4 विकेट से जीत हासिल की बल्लेबाजी करते हुए रंजीत सिंह ने सर्वाधिक अविजित 28 रन अनिल चौहान एवं सुंदरलाल ने 16 16 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली आसिफ अमीर को उनकी श्रेष्ठ गेंदबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया द्य वही आज का दूसरा मैच जबलपुर और ग्वालियर संभाग के मध्य खेला गया ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर की शुरुआत बहुत ही अच्छी हुई कप्तान रामबरन यादव ने 4 चौके और एक लंबे छक्के की मदद से 38 रन दशरथ ने आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 16 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 28 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को निर्धारित 20 ओवर में 147 के स्कोर तक पहुंचाया ग्वालियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए भागीरथ ने दो सत्यम श्याम और तनवीर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट कर पवेलियन पहुंचाया द्य 148 रनों का लक्ष्य प्राप्त करने उतरी ग्वालियर की टीम शुरुआत में काफी तेज खेल रही थी बल्लेबाज जीतेंद्र ने 30 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली लेकिन जबलपुर के कप्तान रामबरन इस टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक समेत चार विकेट लेकर ग्वालियर की कमर तोड़ दी द्य वही रही सही कसर रामकिशोर ने ग्वालियर के तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आउट कर ग्वालियर के विजय अरमानों पर पानी फेर दिया द्य जबलपुर के कप्तान को दोहरे प्रदर्शन 38 रन एवं हैट्रिक सहित 4 विकेट के चलते मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया ।

# शिखर धवन के करीब पहुंचे डेविड वॉर्नर, मार्क वुड के सिर पर पर्पल कैप बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 में 16 मैचों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शिखर धवन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड नंबर वन पर कायम हैं. इस सीजन में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे धवन ने पिछले मैच में ही नाबाद 99 रनों की पारी खेली थी. अपनी इस पारी के दम पर 'गब्बर' से सिर पर ऑरेंज कैप है. वहीं, इस सीजन में चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर अब शिखर के करीब पहुंच गए हैं. शिखर के तीन मैचों में 225 रन है जबकि वॉर्नर 4 मैचों में 209 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 3 मैचों में 189 रनों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फॉफ डु प्लेसिस तीन मैचों में 175 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं. डु प्लेसिस के टीम साथी विराट कोहली 164 रनों के साथ टॉप-5 में कायम हैं. टॉप-5 के गेंदबाजों की बात करें तो लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में नंबर वन पर हैं. वुड ने पिछले मैच में ही गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान से पर्पल कैप छीनी थी. राशिद ने पिछले मैच में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल करियर की पहली हैट्रिक ली थी. वुड के नाम 3 मैचों से नौ विकेट हो गए हैं जबकि राशिद खान ने इतने ही मैचों में अब तक 8 विकेट झटके हैं. राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल के नाम भी अभी आठ ही विकेट है. लखनऊ के रवि बिश्नोई 4 मैचों में 6 विकेट के साथ चौथे और अल्जारी जोसेफ 3 मैचों में 6 विकेट के बाद टॉप-5 में बने हुए हैं।

## रंग संसार

# किसी की 10 महीने तो किसी की 12 महीने, चंद महीने में टूटी इन मशहूर सितारों की शादी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड गलियारों से अक्सर सितारों के अफेयर और ब्रेकअप की खबरें आती रहती हैं. हीं, फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे सितारे हैं, जिन्होंने अपनी शादी को लंबे समय तक बनाए रखा जबकि इनमें से कुछ सितारे ऐसे भी रहे जिनका शादी का बंधन कुछ ही समय में टूट गया. आइये एक नजर डालते हैं ऐसे ही सितारों पर जिनकी शादी बहुत लंबे समय तक नहीं टिक पाई.

## 1. रेखा और मुकेश अग्रवाल

बॉलीवुड अदाकारा रेखा ने दिल्ली के व्यवसायी मुकेश अग्रवाल से साल 1990 में शादी की थी लेकिन शादी के बाद मुकेश डिप्रेशन में रहने लगे. शादी के 12 महीने बाद मुकेश ने आत्महत्या कर ली थी. बता दें कहा जाता है कि रेखा के ही दुपट्टे से उन्होंने खुद की जान ली थी. पति की मौत के बाद रेखा ने दूसरी शादी नहीं की. हालांकि रेखा ने अपने पति की मौत को लेकर कभी भी कोई बात नहीं की.

## 2. करण सिंह ग्रोवर-श्रद्धा निगम

एक्टर करण सिंह ग्रोवर अपनी पत्नी बिपाशा बसु के साथ बहुत खुश हैं. हालांकि यह करण की तीसरी शादी है. करण ने सबसे पहले श्रद्धा निगम ने शादी की थी और केवल 10 महीने बाद ही दोनों अलग हो गए. खबर ऐसी थी उस दौरान कि श्रद्धा ने करण सिंह ग्रोवर से तलाक के लिए तब अर्जी दी थी जब उन्हें पता चला था कि उनके पति का किसी फीमेल डांस कोरियोग्राफर के साथ अफेयर चल रहा है. बता दे करण सिंह और श्रद्धा निगम आज अपनी जिंदगी में खुश हैं.

## 3. मल्लिका शेरावत और करण सिंह गिल

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने कभी भी अपनी शादी के बारे में किसी को नहीं बताया, उनकी शादी की कुछ तस्वीरें सामने आई जिससे पता चला कि अभिनेत्री बॉलीवुड में आने से पहले ही शादी कर चुकी थी. बताया जाता है कि मल्लिका की पहली शादी पायलट करण सिंह गिल से हुई थी, लेकिन शादी के बाद मल्लिका ने अपने करियर को चुना और अपने पति से अलग हो गई.

## 4. सारा खान और अली मर्चेंट

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस सारा खान जब बिग बॉस के सीजन चार में आई थी तो उन्होंने बिग बॉसे क ही घर में ब्वॉयफ्रेंड अली मर्चेंट से शादी की थी. हालांकि शादी के दो महीने बाद ही इन दोनों ने तलाक ले लिया था. खबरों की मानें तो बिग बॉस शो के मेकर्स ने इन दोनों को शो में शादी करने के लिए 50 लाख रुपये दिए थे. हालांकि चैनल ने खबरों को झूठा बताया था और इसे इन दोनों का निजी फैसला था.

## 5. पुलकित और श्वेता रोहिरा

पुलकित और श्वेता रोहिरा की जोड़ी चर्चा में रहती थी. शादी के बाद इन दोनों के लड़ाई झगड़े के सुनने को मिलने लगे. एक समय ऐसा भी आया जब दोनों शादी के बाद अलग हो गए. दोनों की शादी केवल 12 महीने तक ही चली।

# सुहाना खान ने रेड सूट में दिखाया बॉस लेडी लुक

नई दिल्ली। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान की बेटी सुहाना खान जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इन दिनों सुहाना खान इंडस्ट्री के सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले स्टार किड्स में शुमार हैं। इन दिनों वह लगातार खुद को एंटरटेनमेंट और फैशन इंडस्ट्री में स्टेबल करने में व्यस्त हैं। बीती रात सुहाना ने पहली बार ब्रांड एंबेस्डर के तौर पर एक इवेंट में शिरकत की। इस इवेंट में उनका लुक इतना गजब था कि उनकी तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं।

## रेड सूट में सुहाना का बॉस लुक

सुहाना ने मुंबई में एक कार्यक्रम में रेड सूट में अपनी स्टाइलिश लुक के साथ सुर्खियां बटोरीं हैं। सोशल मीडिया पर उनके इस लुक को लेकर गजब का क्रेज नजर आ रहा है। इन वीडियो में हम सुहाना को एक रेड पैंटसूट पहने देख सकते हैं। एक क्रॉप्ड ब्लेज़र और मैचिंग हाई-वेस्ट ट्राउज़र्स में सुहाना ने बॉस-लेडी वाइब्स देकर लोगों को दीवाना बना दिया है।



## मिनिमल मेकअप में सुहाना

अपने इस लुक में ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए, उन्होंने अपने चीकबोन्स पर थोड़े शिमर के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखा। इस लुक को कंप्लीट करने के लिए सुहाना ने सिल्की बालों को खुला छोड़ रखा था। सुहाना के लिए यह इवेंट काफी खास है क्योंकि उन्हें एक इंटरनेशनल मेकअप और ब्यूटी प्रोडक्ट ब्रांड ने साइन किया है।

## इस फिल्म में आएंगी नजर

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुहाना खान जल्द ही बॉलीवुड में एक्टिंग डेब्यू करने वाली हैं। हालांकि इसके पहले वह एक शॉर्ट फिल्म में नजर आ चुकी हैं, जो उनकी डिग्री के दौरान के एक प्रोजेक्ट के तौर पर बनाई गई थी। लेकिन प्रोफेशनल एक्टर के तौर पर वह जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज से डेब्यू करने वाली हैं। बता दें कि सुहाना ने बॉलीवुड में कदम रखने से पहले ही अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग खड़ी कर ली है, वह सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं और अपनी हर तस्वीर और वीडियो पर लाखों व्यूज हासिल करती हैं।

# नीतू कपूर ने रणबीर की एक्स पर कसा था तंज, अब कैटरीना कैफ की मां ने कही ये बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू कपूर ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था, जिसने हर किसा का ध्यान अपनी तरफ खिंचा था. दरअसल नीतू कपूर ने सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप और शादी को लेकर पोस्ट किया था. नीतू कपूर के पोस्ट को लेकर नेटिजेंस कयास लगाने लगे कि उन्होंने बिना नाम लिए बेटे रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड कैटरीना कैफ पर निशाना साधा है. ऐसे में अब कैटरीना कैफ की मां सुजैन टरकोटे ने अब एक धमाकेदार पोस्ट शेयर किया है, जिसे नीतू कपूर के पोस्ट का जवाब माना जा रहा है.





**नीतू कपूर ने शादी और डेटिंग पर कही थी बात–** दरअसल कुछ दिनों पहले नीतू कपूर ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें लिखा हुआ था 'क्योंकि उसने आपको 7 साल डेट किया है, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि वो आपसे शादी करे'. नीतू कपूर के इस पोस्ट को लोग कैटरीना कैफ से जोड़कर देख रहे हैं. बता दें कि कैटरीना और रणबीर ने 6 सालों से अधिक तक एक दूसरे के साथ थे और लिव-इन में रहे थे. हालांकि ये रिश्ता खत्म हो गया और अब सालों बाद नीतू के इस पोस्ट ने हर किसी को हैरान कर दिया है.

**कैटरीना की मां ने दिया करारा जवाब–** नीतू कपूर का ये पोस्ट कैटरीना कैफ के लिए था या नहीं ये तो कहना मुश्किल है लेकिन इसपर सोशल मीडिया पर लोग अपनी राय दे रहे हैं. वहीं कैटरीना ने तो इस पर कुछ नहीं कहा लेकिन एक्ट्रेस की मां को नीतू कपूर का ये अंदाज अच्छा नहीं लगा और नीतू के इस पोस्ट के कुछ देर बाद ही अदाकारा कैटरीना कैफ की मां ने एक पोस्ट किया. कैटरीना कैफ की मां सुजैन टरकोटे ने भी बिना किसी को टैग किए या नाम लिए पोस्ट शेयर किया है और इसमें लिखा है 'मेरी इस तरह परवरिश हुई कि मैं एक सफाई कर्मचारी को भी वही इज्जत दूं, जो एक सीईओ को दी जाती है'.

**फैंस ने कहा सही टाइम पर पोस्ट किया–** इस पोस्ट को लेकर यूजर्स कैटरीना की मां को सपोर्ट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'सही टाइम पर पोस्ट किया. जैसी मां वैसी बेटी'. दूसरे ने लिखा, 'कही कहा आपने. आपने बच्चों को सही सीख दी है'. गौरतलब है कि कैटरीना कैफ ने साल 2021 में विक्की कौशल के साथ शादी की थी. कपल ने राजस्थान में शादी सात फेरे लिए थे. वहीं, रणबीर कपूर ने पिछले साल 2022 में आलिया भट्ट के साथ शादी रचाई है. कपल की एक बेटी है, जिनका नाम राहा कपूर है।

# मंदिर में नयनतारा के साथ हुई बदसलूकी, गुस्से में फैन को दी फोन तोड़ने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ से अब जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं टॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा नयनतारा की झलक पाने को हर कोई बेकरार रहता है। उनकी एक्टिंग के साथ फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने हैं। नयनतारा जल्द ही शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान में बतौर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। यह फिल्म 2 जून 2023 इसी साल सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। फैंस उनकी फिल्म जवान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख खान के साथ पहली बार इस फिल्म में एक्ट्रेस स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। लेकिन हाल ही में नयनतारा के साथ एक अजीबो-गरीब हादसा हो गया। दरअसल, नयनतारा अपने पति विग्नेश शिवन के साथ मंदिर दर्शन ने लिए जा रही थीं तो वहां पर मौजूद एक फैन ने उनकी वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिसे देखकर नयानतारा भड़क गईं। साथ ही उन्होंने पहले तो उस फैन को बुरा भला कहा। जिसे देखकर नयनतारा गुस्से में आ गईं। फैन पर गुस्सा दिखाती नयनतारा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और यूजर्स उनके इस व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

# निर्माणी अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## महाप्रबंधक कार्यालय के सामने झंडे के नीचे पड़ा मिला शव

### मौत के समय को लेकर शुरू हुई राजनीति

**कटनी, यशभारत।** यंत्र इंडिया लिमिटेड( आयुध निर्माणी) के सुरक्षा विभाग में पदस्थ एक अधिकारी की ऑनडयूटी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उधर निर्माणी अधिकारी की मौत के समय को लेकर निर्माणी में राजनीति भी शुरू हो गई है। निर्माणी प्रबंधन सहित कुछ यूनियन पदाधिकारी निर्माणी अधिकारी की मौत का समय डयूटी से छूटने का बता रहे हैं जबकि कुछ कर्मचारी इसे ऑन डयूटी मौत बता रहे हैं। इस संबंध में निर्माणी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राम प्रमोद पांडे यंत्र इंडिया लिमिटेड( आयुध निर्माणी) के सुरक्षा विभाग में पदस्थ थे। श्रीपांडे की रात साढ़े 10 बजे से सुबह साढ़े 5 बजे की पाली में नौकरी चल रही थी। वो कल रात साढ़े दस बजे के डयूटी में पहुंचे और आज सुबह सवा पांच बजे के लगभग महाप्रबंधक कार्यालय के सामने झंडे के नीचे उनकी मौत हो गई। इसके बाद मौत के समय को लेकर निर्माणी राजनीति गर्मा गई। उल्लेखनीय है कि किसी कर्मचारी की ऑन डयूटी मौत होने पर निर्माणी प्रबंधन अलग तरह की सुविधाएं परिवार को उपलब्ध कराता है जबकि डयूटी के बाद मौत होने पर सुविधाएं अलग होती हैं। इसलिए निर्माणी प्रबंधन सहित निर्माणी यूनियन के कुछ पदाधिकारी राम प्रमोद पांडे की मौत का समय साढ़े 7 बजे के बाद का बता रहे हैं जबकि कुछ पदाधिकारी इसके ऑन डयूटी मौत का मामला बताकर निर्माणी प्रबंधन ने श्री पांडे के परिजनों को नियमतः सुविधाएं देने की मांग कर रहे हैं। उधर इस मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।





मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

अभी-अभी मुख्य द्वार आयुध निर्माणी कटनी में पदस्थ राम प्रमोद पांडे जजमेंट जिगर ड्यूटी के दौरान देहांत हो गया

05:47

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ निधन का समाचार

ऊधर राम प्रमोद पांडे के निधन की खबर सोशल मीडिया पर आज सुबह 5 बजकर 47 मिनट पर ही वायरल हो गई थी। बताया जाता है कि निर्माणी कर्मचारियों के व्हाटसएप ग्रुपों में सुबह जैसे ही यह खबर वायरल हुई वैसे ही निर्माणी में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि सुबह सवा पांच बजे के लगभग राम प्रमोद पांडे का निर्माणी परिसर स्थित महाप्रबंधक कार्यालय के सामने झंडे के नीचे निधन हुआ और 5 बजकर 47 मिनट पर उनके निधन की खबर व्हाट्स ग्रुपों में वायरल हो गई।



# बमबाजी व फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

## अपराधियों के दो गुटों में पनप रहे गैंगवार पर रंगनाथ नगर थाना पुलिस को मिली सफलता

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बमबाजी व फायरिंग करके दहशत फैलाने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। गौरतलब है कि पाठक वार्ड में लक्ष्मी पान भंडार के समीप दो दिन पहले आधी रात तीन अज्ञात बदमाशों ने एक घर में बम फेंके और कट्टे से फायरिंग कर जमकर दहशतगर्दी फैलाई। थाना क्षेत्र में चल रहे गैंगवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने गंभीरता से लिया और पुलिस अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस टीम हरकत में आई और वारदात को अंदाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार आकाश विश्वकर्मा के घर में जबलपुर निवासी बल्लू खान, झर्राटिकुरिया निवासी गणेश निषाद व एक नाबालिग किशोर ने मिलकर बमबाजी करते हुए फायरिंग की थी। पुलिस ने गणेश निषाद व बल्लू खान को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 31 मार्च को शेर चौक में हुई मारपीट, चाकूबाजी व फायरिंग की घटना में गणेश निषाद फरियादी और आकाश विश्वकर्मा आरोपी था। इसी के बाद से अपराधियों के दो गुटों में विवाद चला आ रहा है। एक दूसरे से बदला लेने के लिए जमकर गैंगवार चल रहा था तथा आए दिन बमबाजी व फायरिंग हो रही थी। बहरहाल पुलिस ने बमबाजी व फायरिंग के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले से आज पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन पत्रकारवार्ता में पर्दा उठाएंगे।

# पहचान न होने से उलझी बोरे बंद लाश की गुत्थी

## नौ दिन बाद भी पुलिस को नहीं मिली शिनाख्त में सफलता



**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन गांव में बोरे में बंद मिली युवक की लाश की पहचान नौ दिन बाद भी नहीं हो पाई है। जिसके कारण अब तक हत्या व साक्ष्य छिपाने के इस मामले की गुत्थी उलझी हुई है। गौरतलब है कि ग्राम दशरमन से सिहोरा की ओर जाने वाली रोड पर पांच मार्च को बोरे के अंदर युवक की लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। युवक की पहचान भी नहीं हो सकी है। इससे हत्या की गुत्थी उलझी हुई है। मृतक कि पहचान के लिए पुलिस टीम ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अलावा कुंडम, बघराजी, सिहोरा और मझगवां थाने में दर्ज हुए गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। सिलौंड़ी पुलिस चौकी प्रभारी हरवचन सिंह ने बताया कि मृतक कि पहचान करने के लिए पुलिस टीम कुंडम, बघराजी, सिहोरा और मझगवां थाना क्षेत्र से गुम हुए व्यक्तियों के संबंध में जानकारी ले रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई हैं। मामले की जांच की जा रही है।



# बाक्साइड से ओवरलोड तीन हाइवा जप्त

**कटनी, यशभारत।** जिले में खनिज संपदा का अवैध खनन व परिवहन सहित ओवरलोड का खेल जमकर जारी है। रेत, डोलोमाइट, बॉक्साइट का जमकर ओवरलोड व अवैध परिवहन हो रहा है। बॉक्साइट के ओवरलोड परिवहन पर माधवनगर थाना क्षेत्र की निवार चौकी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन हाइवा जप्त किए हैं। निवार पुलिस चौकी प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई ने बताया कि रात में जांच के दौरान निवार चौकी पेट्रोलपंप के पास तीनों वाहनों को रोककर जांच की गई। इस दौरान हाइवा क्रमांक एम.पी.21एच-1715, सी.जी.10बीएल-1535 व यू.पी.95टी-2686 की जांच करने पर टीपी-पिटपास के अनुसार ओवरलोड पाई गई। क्षमता से काफी अधिक बॉक्साइट लोड था। एक वाहन में 20 टन, एक वाहन में 14 और एक में 21 टन बॉक्साइट अधिक ओवरलोड था। 15 टन लोड क्षमता के स्थान पर 35 टन तक ढोया जा रहा है। वाहनों को जप्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में भेजा गया है। जहां आज गुरुवार को जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि ये हाईवा विश्वकर्मा माइंनिग से लोड होकर जा रहे थे।

**निवार चौकी पुलिस की कार्रवाई**

# देर रात गश्त पर निकले एसपी, महकमे में मचा हड़कंप



## थाना प्रभारियों को दिए अपराधियो पर नकेल कसने के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** शहर की अपराधिक पृष्ठ भूमि परखने पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन देर रात अचानक खुद गश्त पर निकल पड़े। वायर लैस सेट पर एसपी के गश्त पर निकलने का मैसेज प्रसारित होते ही मोहकमे में हडकंप मच गया और सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए। गौरतलब है कि लगातार बढ़ रही घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे थे। मंगलवार की रात एसपी अभिजीत रंजन ने खुद मोर्चा संभाला और रात 4 बजे तक शहर में गश्त की। पहले रंगनाथ नगर व माधवनगर थाना का जायजा लिया। रंगनाथ नगर में घटना स्थल सहित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने अधिकारियों की क्लास भी लगाई। इसके बाद कोतवाली के मिशन चौक, चांडक चौक, बरही नाका का भी जायजा लिया। स्टेशन में जीआरपी स्टॉफ से चर्चा की। बस स्टैंड में यात्रियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपराधियों पर नकेल कसने की हिदायत दी। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनि परस्ते, माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा, एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## यातायात नियम तोड़कर वाहन चलाने पर पुलिस ने वसूल किया जुर्माना

# दस दिन में कटा 1296 लोगों का चालान



**कटनी, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात नियम तोड़ने वालों, नशे में वाहन चलाना, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, ओवरलोड वाहन, मॉडिफाई साइलेंसरों पर सबसे ज्यादा सख्ती कर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। कपड़े से चेहरा ढककर चलने वालों पर चालानी कार्रवाई कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने 1 अप्रैल से लेकर 10 अप्रैल तक 3162 वाहन चेक किए हैं। जिनमें से 1296 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। बिना हेलमेट पर वाहन चालकों पर 960 चालन से 2 लाख 88 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इसी प्रकार नशे में वाहन चलाने पर पांच कार्रवाई में 51 हजार 500 रुपए जुर्माना, 6 ओवरलोड वाहन पर कार्रवाई कर 73 हजार जुर्माना, बिना सीटबेल्ट 40 कार्रवाई कर 20 हजार रुपए, बिना नंबर प्लेट के 104 वाहन चालकों से 52 हजार रुपए रेड लाइट जंप करने पर 175 के खिलाफ चालान काटकर 87 हजार 500 रुपए वसूल किए हैं। तीन सवारी पर 3 समन शुल्क 1500 रुपए, ब्लेक फिल्म पर एक हजार रुपए साइलेंसर मोडिफिकेशन कार्रवाई कर 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

## कोतवाली पुलिस ने काटे 50 चालान

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन तथा कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण दुबे ने अपने हमराह स्टाफ के साथ गायत्री नगर पुलिया पर लगभग 50 चालान काटे और लगभग 17,500 जुर्माना राशि वाहन चालकों से वसूल की।

# जनपरिषद का शपथ समारोह कल

कटनी, यशभारत। साहित्य, संस्कृति और समाजसेवा के लिए समर्पित संस्था जनपरिषद की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 14 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने शहर के सम्माननीय कविगण अपनी प्रस्तुति भी देंगे। 14 अप्रैल संविधान के रचयिता डॉ अम्बेडकर का जयंती दिवस भी है। इस मौके पर अतिथिगण अपने विचार भी रखेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन कॉफी हाउस बरगवां में दोपहर 2 बजे से किया गया है। जनपरिषद परिवार ने सभी आमंत्रितों से समय पर उपस्थिति का आग्रह किया है।

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए
फोन करें- 230033

**न्यायालय अपर कलेक्टर / विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/ 3326/ प्रवा./ वि. अधि. 2023 कटनी, दिनांक 10-04-2023

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक आशीष विश्वकर्मा आत्मज श्री मनोज कुमार विश्वकर्मा (अविवाहित) निवासी 310/1 ग्राम कटंगीकला तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 एवं आवेदिका सविता कुम्हार पिता श्री दरबारी कुम्हार (अविवाहित) निवासी वार्ड नं 09 ग्राम कटंगीकला मुड़वारा तहसील व जिला कटनी पिन कोड 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपये चालान क्रमांक 051/9999999/0070/10/22/ 005169 दिनांक 12.10.2022 को ऑनलाईन में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-4 के तहत विवाह अनुष्ठापन होना आशियत है, यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 09/05/2023 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**आज दिनांक 06.04.2023 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**
**आगामी तिथि-09.05.2023**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला कटनी (म.प्र.)**

तांडव™
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव™ तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY
Customer Care : +91 7974979179

!! श्री गणेशाय !!
मो. 8369562213
7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
BOOK AC SERVICES
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेभ ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT
Johnson Pedder The smarter choice.
SETMAX CERAMIC
AVENUE
suncorp
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),
मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)